14 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शुक्रवार, वर्ष 11, अंक 26
www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

ऐतिहासिक होगा स्थापना दिवस समारोह





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

# बिहार चुनाव: देश और झारखंड की राजनीति पर दिखेगा परिणाम का असर

- नीतीश, तेजस्वी और राहुल की राजनीतिक प्रतिष्ठा दांव पर है
- बिहार में नंबर एक बनने का भाजपा का सपना होगा तय
- प्रशांत किशोर का राजनीतिक सफर भी दांव पर है, राजनीति को एक दिशा भी मिलेगी



प्रशांत झा

आजाद सिपाही खास



बिहार चुनाव संपन्न हो चुका है। एग्जिट पोल में एनडीए को पूर्ण बहुमत दिखाया जा रहा है। एग्जिट पोल को सही मान कर कुछ भी आकलन नहीं किया जा सकता है। कल परिणाम भी आ जायेगा। इसके बाद दिखेगा असर। यह असर केवल बिहार ही नहीं, देश की राजनीति पर भी दिखेगा। झारखंड में भी नतीजे का प्रभाव पड़ने को इंकार नहीं किया जा सकता है। साथ ही बिहार हमेशा से देश को राजनीतिक रूप से एक दिशा देता रहा है, यह इतिहास गवाह है। इस चुनाव का परिणाम भी पूरे देश की राजनीति को एक दिशा देगा। इसमें भी संदेह नहीं है।

## देश में बदल जायेंगे चुनावी मुद्दे

कई राजनीतिक जानकार और विश्लेषकों का कहना है कि भारतीय राजनीति में अब केवल जातिगत समीकरण मायने नहीं रखता है, बल्कि बेरोजगारी, पलायन, विकास, कानून व्यवस्था आदि कारक भी महत्वपूर्ण हो गये हैं। यह इस बार बिहार चुनाव में दिख गया है। बेरोजगारी बिहार की आत्मा से जुड़ी है और 75 लाख लोग बिहार से बाहर मेहनत कर जीविका चला रहे हैं। विस्थापन का घाव भी है। चुनाव की घोषणा के बाद पूरे प्रचार को देखें, तो इन मुद्दों को राजद, यानी तेजस्वी यादव ले कर चले। साथ ही जन सुराज प्रमुख प्रशांत किशोर ने भी उठाया। जदयू और भाजपा के मुद्दे इससे इतर रहे। उनके नेताओं ने पूर्व के लालू यादव के शासनकाल के जंगल राज को तवज्जो ज्यादा दिया। अब परिणाम बतायेगा कि जनता किन मुद्दों की तरफ गयी। अगर महागठबंधन की तरफ झुकी, तो निश्चित रूप से यह अन्य राज्यों के चुनावी मुद्दे की दिशा को बदलेगा। जातिगत राजनीति की बात करें, तो बिहार की राजनीति क्या देश की राजनीति में इसकी पैठ को नकारा नहीं जा सकता है। वैसे विश्लेषकों और जानकारों की बातों से मैं सहमत नहीं हूं कि विकास, बेरोजगारी आदि मुद्दे जातिगत राजनीति पर हावी होते हैं। पार्टी द्वारा टिकट भी जातिगत आकलन के बाद ही दिया जाता है। अगर ऐसा होता, तो मुस्लिम वोट पूरी तरह भाजपा के खिलाफ नहीं रहता, क्योंकि केंद्र सरकार यानी भाजपा द्वारा चलायी गयी योजनाओं का लाभ उन्हें भी मिल रहा है। जनता जाति देख कर वोट नहीं डालती। यह परिणाम यह भी दिखायेगा कि जनता जाति, धर्म संप्रदाय से कितनी अलग हुई।

## नीतीश और केंद्र की राजनीति पर असर

बिहार चुनाव का परिणाम नीतीश के भविष्य और देश की राजनीति पर भी असर डालेगा। भाजपा ने चुनाव से पहले नीतीश को मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा नहीं की। इसका असर भी मतदान पर होने का आकलन किया जा रहा है। मतदान के बाद जदयू को भाजपा से अधिक मजबूत होने की भी चर्चा है। अगर परिणाम ऐसा ही रहा और जदयू का प्रदर्शन बेहतर रहा, तो भाजपा एक बार फिर बिहार में दो नंबर की स्थिति में ही रहेगी। जबकि भाजपा पहले स्थान पर आने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। इसी वजह से नीतीश को मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा नहीं की गयी। अगर भाजपा नंबर एक पर रही और जदयू पिछड़ी तो निश्चय भाजपा इस बार बड़े भाई की भूमिका में रहेगी। इसे नीतीश कुमार किस रूप में लेते हैं, यह देखने वाला होगा। परिणाम के बाद अगर जदयू और भाजपा में खटपट हुई तो केंद्र सरकार पर भी इसका असर होगा। क्योंकि केंद्र में सरकार जदयू के समर्थन से है और जदयू अहम भूमिका में है।

## राजद, कांग्रेस और जन सुराज के लिए अहम

तेजस्वी की राजनीति भी इस परिणाम पर टिकी है। या यों कहें कि राजद की राजनीतिक हैसियत टिकी है, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। तेजस्वी के लिए पिता लालू यादव की छांव से हटकर अपने बूते राजनीति में पैठ बनाने का अवसर है। अगर वह असफल हो गये, तो राजद में इसका असर दिखेगा। साथ ही अगर उनके भाई तेजप्रताप यादव सफल हुए, तो तेजस्वी के लिए यह और भी खराब माना जायेगा। वहीं, जन सुराज यानी प्रशांत किशोर का भविष्य भी तय होगा। प्रशांत किशोर को राजनीतिक दलों के सलाहकार के रूप में सफल माना जाता है। इस बार वह खुद एक पार्टी बना कर चुनाव मैदान में हैं। वह कितनी सीट जीतते हैं, यह तो अहम है ही, साथ ही कितनी सीटों के परिणाम में उनकी पार्टी प्रभाव डालती है, यह भी महत्वपूर्ण है। अगर उनके पक्ष में रजानीतिक परिणाम नहीं रहा छोटे-मोटे दल एक-दो सीट लेकर आने वाले ही बन कर रह जायेंगे। उनका राजनीतिक सफर समाप्त ही माना जायेगा। बिहार में कांग्रेस सिमटती जा रही है। इस बार राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने अपनी ताकत लगायी। इस बार भी अगर कांग्रेस की स्थिति नहीं सुधरी, तो बिहार में कांग्रेस मृतपाय तो बनेगी ही, इन दोनों नेताओं की प्रतिष्ठा पर भी असर होगा। पार्टी को संभालना भी इनके लिए एक कठिन मार्ग होगा।

## झारखंड में बदलाव की हवा

झारखंड की राजनीति पर बिहार के चुनावी परिणाम की चर्चा पहले से हो रही है। यहां झामुमो के साथ राजद और कांग्रेस सरकार में है। बिहार में झामुमो चुनाव लड़ना चाहता था। सीटों के बंटवारे को लेकर राजद और झामुमो में खटपट हुई है। झामुमो चुनाव नहीं लड़ा। चर्चा है कि चुनाव के बाद झामुमो राज्य में गठबंधन पर कोई ठोस कदम उठायेगा। यानी यहां सरकार में उलटफेर यानी मंत्रिमंडल में बदलाव और राजनीतिक खींचतान की बात से इंकार नहीं किया जा सकता है।

---

# झारखंड स्थापना दिवस : मंत्री ने साइकिल रैली को किया रवाना

# राज्य के पर्यटन क्षेत्र को नयी दिशा देनी है : सुदिव्य कुमार सोनू

- रांची से निकली साइकिल रैली भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी के उलिहातू तक जायेगी
- झारखंड स्थापना के 25 साल के मौके पर रांची में साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को रांची में राज्य सरकार की ओर से नो योर टूरिस्ट पैलेस के तहत साइकिल रैली को रवाना किया गया। इसे साइक्लोथॉन नाम दिया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने मोरहाबादी के बापू वाटिका से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस रैली में युवाओं ने बड़े जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। यह साइकिल रैली इसलिए भी खास है, क्योंकि यह सीधे धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी के उलिहातू तक जायेगी। यह रैली झारखंड के संघर्ष और विकास यात्रा को दर्शाती है। खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि हमारे पुरखों, जिन्होंने अलग राज्य के लिए संघर्ष करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, उनके प्रयासों के कारण आज हम झारखंड को एक युवा और प्रगतिशील राज्य के रूप में देख पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य झारखंड के हर गांव और हर व्यक्ति तक विकास और समृद्धि का संदेश पहुंचाना है। सरकार का उद्देश्य एक समृद्ध, विकसित और मजबूत झारखंड बनाना है।

यह साइकिल रैली बापू वाटिका, मोरहाबादी मैदान, रांची से प्रारंभ होकर लतरातू डैम (रिसोर्ट) तक जायेगी। 14 नवंबर को प्रतिभागी लतरातू से रांची के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण करते हुए खूंटी जिले में रात्रि विश्राम करेंगे। 15 नवंबर को रैली खूंटी से भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू पहुंचेगी, जहां श्रद्धांजलि अर्पित कर रैली का समापन किया जायेगा। इस साइकिल रैली का उद्देश्य झारखंड के छिपे हुए पर्यटन स्थलों को लोगों तक पहुंचाना और राज्य के पर्यटन क्षेत्र को नयी दिशा देना है।

# राजधानी में 15-16 को ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव, कई मार्गों पर रहेगा प्रतिबंध

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची** झारखंड राज्य स्थापना दिवस (15 नवंबर) के अवसर पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम को देखते हुए, रांची पुलिस ने 15 और 16 नवंबर को शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में व्यापक बदलाव किये हैं। गुरुवार को जारी आदेश के अनुसार, इन दो दिनों में कई मार्गों पर बड़े और छोटे वाहनों के प्रवेश एवं परिचालन पर पूरी तरह से रोक रहेगी, जिससे आम जनता को पहले से ही योजना बनाने की सलाह दी गयी है।

### शहर में प्रवेश और परिचालन पूरी तरह से बंद रहने वाले वाहन और समय

- बड़े वाहन (नो-एंट्री): 15 और 16 नवंबर को सुबह 8:00 बजे से रात 10:00 बजे तक शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश पूर्णतः बंद रहेगा।
- छोटी और बड़ी मालवाहक गाड़ियां: 15 और 16 नवंबर को सुबह 9:00 बजे से रात 8:00 बजे तक शहर में प्रवेश एवं परिचालन वर्जित रहेगा।
- इ-रिक्शा का परिचालन 15 और 16 नवंबर सुबह 10:00 बजे से रात 9:00 बजे तक शहर के अंदर पूर्ण रूप से बंद रहेगा।

### कार्यक्रम में शामिल न होने वाले बड़े वाहनों के लिए बाहरी सीमा निर्धारण

- कांके की तरफ से आने वाले वाहनः बोड़ेया तक।
- चाइबासा और खूंटी की तरफ से आने वाले वाहनः बिरसा चौक तक।
- गुमला और सिमडेगा की तरफ से आने वाले वाहनः कटहल मोड़ तक।
- पलामू और लोहरदगा की तरफ से आने वाले वाहनः पंडरा और कटहल मोड़ तक।
- गुमला और सिमडेगा की तरफ से आने वाले कुछ वाहनः आइटीआइ बस स्टैंड तक।
- जमशेदपुर की तरफ से आने वाले वाहनः दुर्गा सोरेन चौक तक।
- जमशेदपुर से भाया सदाबहार चौक से रांची आने वाले वाहनः डोरंडा के घाघरा तक।
- कांके और पतरातू की तरफ से आने वाले वाहनः कांके रिंग रोड तक।
- बूटी मोड़ से भाया बरियातू होकर रांची आने वाले वाहनः बूटी मोड़ तक।

### इन मुख्य मार्गों पर सभी वाहनों का प्रवेश और परिचालन रहेगा वर्जित

15 और 16 नवंबर को दिन के 11:00 बजे से रात के 8:00 बजे तक निम्नलिखित मुख्य मार्गों पर आकस्मिक वाहनों और कार्यक्रम में भाग लेने वाले वाहनों को छोड़कर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश एवं परिचालन पूर्ण रूप से बंद रहेगा।

- बूटी मोड़ चौक से रिम्स चौक
- रिम्स चौक से करमटोली चौक
- करमटोली चौक से एसएसपी आवास चौक से रणधीर वर्मा चौक
- जेल चौक से करमटोली चौक
- करमटोली चौक से टीआरआइ मोड़ तक

### इन चौराहों के बीच ऑटो और इ-रिक्शा का प्रवेश बंद रहेगा

- अरगोड़ा चौक
- सहजानंद चौक
- हॉटलिप्स चौक
- राम मंदिर (कांके रोड)
- चांदनी चौक (कांके)

### यात्रियों से रांची पुलिस ने की अपील




रांची पुलिस ने आम जनता और यात्रियों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए इन दो दिनों में यातायात प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनायें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

# आठ जिलों में झारखंड स्थापना दिवस के कार्यक्रम के लिए मंत्रियों को प्रभार

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य के आठ मंत्रियों को अलग अलग जिलों में आयोजित होनेवाले राज्य स्थापना दिवस समारोह का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा मंत्रियों को दिये गये प्रभारी संबंधी आदेश जारी कर दिया गया है। जिलों में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम में संबंधित मंत्री मुख्य अतिथि होंगे। दो मंत्री मोरहाबादी मैदान में आयोजित राजकीय समारोह में उपस्थित रहेंगे। इन दोनों मंत्रियों के नाम हैं-वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और संजय प्रसाद यादव। राधाकृष्ण किशोर कांग्रेस और संजय प्रसाद यादव राजद का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिन अन्य मंत्रियों को जिलों का प्रभार दिया गया है, उनके नाम और जिला इस प्रकार हैं। दीपक बिरुआ-पश्चिमी सिंहभूम, चमरा लिंडा-गुमला, इरफान अंसारी-जामताड़ा, हफीजुल हसन-देवघर, दीपिका पांडेय सिंह-गोड्डा, योगेंद्र प्रसाद-बोकारो, सुदिव्य कुमार सोनू-गिरिडीह और शिल्पी नेहा तिर्की लोहरदगा। राज्य के शेष 16 जिलों में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम के लिए किसी को प्रभार नहीं दिया जा सका। क्योंकि मुख्यमंत्री समेत राज्य में कुल 11 मंत्री हैं। उनमें मुख्यमंत्री और दो मंत्री मोरहाबादी मैदान में आयोजित राजकीय समारोह में उपस्थित रहेंगे।

# झारखंड स्थापना दिवस पर सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

**सुरक्षा को लेकर 8 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी में 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा को लेकर 8 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए रांची में तीन आइपीएस, छह डीएसपी सहित कई अधिकारियों की तैनाती की गयी है। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आइजी अभियान डॉक्टर माइकल राज ने गुरुवार को बताया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम के लिए अतिरिक्त बलों को तैनात किया जा रहा है। वैसे तो मुख्य समारोह रांची के मोरहाबादी मैदान में दोपहर बाद होना है, लेकिन सुरक्षा को लेकर सुबह 6 बजे से ही जवान मुस्तैद रहेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर शहर भर में एक हजार अतिरिक्त जवानों की तैनाती की जायेगी। सुरक्षा में तीन आइपीएस, छह डीएसपी, 40 इंस्पेक्टर और 80 दारोगा को भी लगाया जा रहा है। मोरहाबादी स्थित मुख्य आयोजन स्थल की सुरक्षा तीन लेयर में होगी।

www.epaper.azadsipahi.in

14 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 11, अंक 26

ड्रोन शो और झारखंड की गौरव गाथा होगी प्रदर्शित




**FLORENCE**
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## आज नतीजे का दिन: बिहार-घाटशिला का परिणाम दिलचस्प होगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना/रांची।** बिहार चुनाव का परिणाम शुक्रवार को आ जायेगा। बिहार में किसकी सरकार होगी, यह तय हो जायेगा। इसी के साथ झारखंड के घाटशिला विधानसभा के उपचुनाव का भी नतीजा लोगों के सामने होगा। प्रशासनिक स्तर पर मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गयी है। बिहार में दो चरण में 6 और 11 नवंबर को मतदान हुए थे, जबकि घाटशिला में 11 नवंबर को मतदान हुआ था।

**20 राउंड में होगी मतगणना:** घाटशिला उपचुनाव की मतगणना के लिए जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में तैयारियां पूरी कर ली गयी है। यहां 15 टेबल पर 20 राउंड में मतगणना होगी। प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना वीक्षक, एक सहायक और एक ऑब्जर्वर तैनात रहेंगे। पोस्टल बैलेट के द्वारा पड़े मतों की सबसे पहले गिनती होगी। इसके बाद वीवीपैट पर्चियों की गिनती भी आयोग के निर्देशानुसार की जायेगी। मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गयी है और केवल पासधारी अधिकृत व्यक्तियों को सेंटर में प्रवेश की अनुमति होगी। मतगणना की पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी निगरानी में होगी।

### बिहार में 46 केंद्रों पर होगी मतगणना

बिहार के 46 मतगणना केंद्रों पर वोटों की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी, जो 8 से 8:30 बजे के बीच स्कैनर से स्कैन करके की जायेगी। अगर पोस्टल बैलेट की गिनती 8:30 बजे तक पूरी नहीं भी हुई, तब भी इवीएम से वोटों की गिनती समानांतर रूप से शुरू हो जायेगी। मतगणना को लेकर सभी जिलों में तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने 38 जिलों के डीएम के साथ गिनती की समीक्षा की है। उन्होंने चुनाव आयोग के तय मानक को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## दिल्ली ब्लास्ट : देशभर में 32 कारों से धमाके की साजिश थी

- बाबरी का बदला लेना चाहते थे आतंकी
- जांच एजेंसियों ने अब तक चार कारें बरामद की

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए धमाके की जांच में गुरुवार को बड़ा खुलासा हुआ। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आतंकी 6 दिसंबर, यानी बाबरी मस्जिद ढहाये जाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत कई जगह धमाके करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था। इनमें बम और विस्फोटक सामग्री भरकर धमाके किये जाने थे। इनमें ब्रेजा, स्विफ्ट डिजायर, इको स्पोर्ट और आइ 20 जैसी गाड़ियां शामिल थीं। जांच एजेंसियों को अब तक चार कारें बरामद हो चुकी हैं। 10 नवंबर जिस आइ 20 कार में धमाका हुआ था, वह इसी सीरियल बदला हमले का हिस्सा था। ब्लास्ट से अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 लोग घायल हैं, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बतायी जा रही है।

### आतंकी उमर की आखिरी 24 घंटे की मूवमेंट ट्रैक



पुलिस ने 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर डॉ उमर नबी के आखिरी 24 घंटे की पूरी मूवमेंट ट्रैक की। जांच में पता चला है कि वह रविवार यानी 9 नवंबर की रात फरीदाबाद से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे के रास्ते निकला और हरियाणा के नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका में एक ढाबे पर रुका। वहीं उसने कार में ही रात गुजारी। अगली सुबह वह फिर एक्सप्रेस वे से होते हुए धीरे-धीरे दिल्ली की ओर आया। सीसीटीवी फुटेज में वह सुबह 8:13 बजे बदरपुर टोल पार करता दिखा। इसके बाद उसने ओखला, कनॉट प्लेस, अशोक विहार और सेंट्रल दिल्ली के इलाकों में चक्कर लगाये। दोपहर में अशोक विहार में एक ढाबे पर खाना खाया। फिर वह रामलीला मैदान के पास आसफ अली रोड की एक मस्जिद गया, जहां उसने तीन घंटे तक कार पार्किंग में बिताये और नमाज पढ़ी। कार करीब तीन घंटे तक वहीं रही। 6:22 बजे वह कार मेट्रो स्टेशन की तरफ बढ़ी और 6:52 बजे जबरदस्त धमाके के साथ फट गयी।

## झारखंड की 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा

## ऐतिहासिक होगा स्थापना दिवस समारोह

'रजत जयंती' वर्ष भव्य और यादगार बनेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इस वर्ष 15 नवंबर को राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रहा है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर राज्य सरकार द्वारा 'रजत जयंती' वर्ष को भव्य और यादगार बनाने का निर्णय लिया है। इसके मद्देनजर गुरुवार को सूचना भवन सभागार में प्रदर्शनी और इमर्सिव जोन के नोडल पदाधिकारी सह कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में एक विशेष समन्वय बैठक हुई। इस बैठक में विभिन्न विभागों के नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय महोत्सव के सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में पर्यटन विभाग के उपनिदेशक राजीव कुमार, सहायक निदेशक इशा खंडेलवाल, डॉ असीम कुमार और अन्य विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन

राज्य स्थापना दिवस 2025 के अवसर पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में 15 और 16 नवंबर को दो दिवसीय विशेष महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में झारखंड के सभी विभागों के स्टॉल लगाये जायेंगे, जहां आगंतुकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त होगी।

### भगवान बिरसा मुंडा और दिशोम गुरु की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी

महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और 'दिशोम गुरु' शिबू सोरेन की जीवनी पर आधारित विशेष प्रदर्शनी होगी, जो झारखंड के इतिहास और संघर्ष को जीवंत करेगी। इसके साथ ही एक इमर्सिव जोन भी बनाया जायेगा, जहां विभिन्न विषयों पर फिल्में और जानकारी प्रदर्शित की जायेगी। इसके साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी आम जनों के लिए रखी गयी है, जिसका लाभ महोत्सव परिसर में घूमते हुए लिया जा सकेगा। यह महोत्सव आम जनों को झारखंड के अतीत का दर्शन करायेगा और साथ ही भविष्य की आशाओं और कल्पनाओं से जोड़ेगा।



## कोडरमा : राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ी रवाना

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के तीरंदाज गुरुवार को कोडरमा जंक्शन से 16वीं राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 2028 में जमशेदपुर भाग लेने के लिए रवाना हो गये। खिलाड़ी अपने कोच विशाल सिंह के नेतृत्व में निकले। इस दौरान जिला तीरंदाजी संघ के कई पदाधिकारी मौजूद थे, जिन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनायें देकर विदा किया। प्रतियोगिता जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 14 से 17 नवंबर 2025 तक आयोजित है। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जिले से भाग लेने वाले खिलाड़ी सीनियर कंपाउंड पुरुष वर्ग पिंटू कुमार राणा, सीनियर और जूनियर महिला कंपाउंड वर्ग में श्रेय कुमारी सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर कंपाउंड पुरुष वर्ग ऋषि राज, राज कुमार, स्वरित कुमार, इंडियन राउंड बालिका वर्ग सब-जूनियर और जूनियर आरोही सिन्हा, मिष्टी सिन्हा हैं। मौके पर जिला तीरंदाजी संघ के संरक्षक प्रमोद कुमार, अध्यक्ष सिद्धार्थ झांझरी, सचिव विशाल सिंह, कोषाध्यक्ष कुंदन कुमार राणा, उपाध्यक्ष तौफीक हुसैन, संदीप कुमार सिन्हा, सह सचिव धर्मेंद्र सिंह, विकास, दीपक, नवीन जैन, सदस्य राजू रंजन सिन्हा, मो रिजवान सहित संघ के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### तीसरी कोडरमा जिला तीरंदाजी प्रतियोगिता

# 21 पदक जीतकर ग्रिज्जली विद्यालय बना ओवरऑल विजेता

- 9 पदकों के साथ केएसएच यूथ फाउंडेशन स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर बना उपविजेता
- मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी ने तीर चलाकर किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा ।** जिला तीरंदाजी संघ के तत्वाधान में आयोजित तीसरी कोडरमा जिला तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों, प्रशिक्षण केंद्रों और इकाइयों के कुल 52 प्रतिभाशाली तीरंदाजों ने भाग लिया। इसमें ग्रिज्जली विद्यालय तिलैया डैम, झारखण्ड पब्लिक स्कूल, सेक्रेड हार्ट स्कूल, केएसएच यूथ फाउंडेशन स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर, खेलो इंडिया तीरंदाजी केंद्र के खिलाड़ी शामिल थे। बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय ने तीर चलाकर प्रतियोगिता का उदघाटन किया। उन्होंने और कहा कि कोडरमा के युवा खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को निखारने और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं।



**प्रतियोगिता के परिणाम**

सब जूनियर इंडियन राउंड शिवम कुमार 3 स्वर्ण पदक 30मीटर, 20 मीटर और रैंकिंग में प्रथम स्थान, सत्यम कुमार 3 रजत पदक द्वितीय स्थान, आदित्य कुमार 3 कांस्य पदक तृतीय स्थान, उत्सव आर्य संयुक्त तृतीय स्थान और रैंकिंग में चर्तुथ स्थान, सभी ग्रिज्जली विद्यालय, सब जूनियर इंडियन राउंड में मिष्टी सिन्हा 3 स्वर्ण पदक प्रथम स्थान, झारखंड पब्लिक स्कूल श्रेय कुमारी एक रजत पदक 30 मीटर, 2 कांस्य पदक और रैंकिंग में तृतीय स्थान, आश्मिका एक कांस्य पदक और रैंकिंग में चतुर्थ स्थान, दीपाली कुमारी एक रजत पदक, एक कांस्य पदक, रैंकिंग में द्वितीय स्थान, मानशी कुमारी संयुक्त तृतीय स्थान सभी ग्रिज्जली विद्यालय,सब जूनियर कंपाउंड वर्ग में राज कुमार 3 स्वर्ण पदक, रैंकिंग में प्रथम स्थान, स्वरित कुमार 3 रजत पदक, रैंकिंग में द्वितीय स्थान, ऋषु राज 3 कांस्य पदक और रैंकिंग में तृतीय स्थान, सीनियर कंपाउंड ग्रुप पिंटू कुमार राणा 3 स्वर्ण पदक और रैंकिंग में प्रथम स्थान ग्रिज्जली विद्यालय तिलैया डैम कुल 21 पदक, ओवरऑल विजेता रही। केएसएच यूथ फाउंडेशन स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर कुल 9 पदक उपविजेता बनी।

मौके पर संघ के संरक्षक प्रमोद कुमार, अध्यक्ष सिद्धार्थ झांझरी, सचिव विशाल सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह,तौफीक हुसैन, सह सचिव संदीप कुमार सिन्हा, नवीन जैन, विकाश कुमार, जिला योगासन संघ के पदाधिकारी आकाश सेठ, ईशा गुप्ता, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर प्रिंस पहाड़ी, विभिन्न विद्यालयों के खेल शिक्षक, प्रशिक्षक, अभिभावक उपस्थित थे।

प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ियों को आगामी राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता जमशेदपुर में कोडरमा जिला का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। चयनित खिलाड़ियों को राज्य प्रतियोगिता से पूर्व आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेना अनिवार्य रहेगा।

### क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# हजारीबाग ने जीता ओवरऑल खिताब

- खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, मैदान में छलका जोश और अनुशासन
- ऐसे आयोजन से आपसी तालमेल और सहयोग बढ़ता है : सुनील भास्कर

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** तीन दिवसीय उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को हजारीबाग पुलिस केंद्र में हुआ। प्रतियोगिता में हजारीबाग ने 23 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया, जबकि रामगढ़ 11 अंकों के साथ दूसरे और गिरिडीह 9 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़, चतरा और गिरिडीह जिलों की पुलिस टीमों ने भाग लिया। कुल 242 पुलिसकर्मियों ने विभिन्न खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान मैदान में खिलाड़ियों का जोश, अनुशासन और खेल भावना देखने योग्य रही। फुटबॉल में हजारीबाग विजेता और गिरिडीह उपविजेता रहा। बास्केटबॉल में हजारीबाग ने खिताब जीता और गिरिडीह उपविजेता बना। हैंडबॉल में हजारीबाग विजेता और गिरिडीह उपविजेता रहा। कबड्डी में रामगढ़ विजेता और हजारीबाग उपविजेता रहा। वॉलीबॉल में कोडरमा ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि रामगढ़ उपविजेता बना। एथलेटिक्स में पुरुष वर्ग में हजारीबाग विजेता और कोडरमा उपविजेता रहा, वहीं महिला वर्ग में रामगढ़ ने बाजी मारी और हजारीबाग दूसरे स्थान पर रहा। विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि आईजी सुनील भास्कर शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुई है। पुलिसकर्मियों ने जिस तरह से भागीदारी की है, वह प्रशंसनीय है। इस तरह के आयोजन से न केवल फिटनेस और टीमवर्क की भावना बढ़ती है, बल्कि विभिन्न जिलों के बीच आपसी सहयोग और संबंध भी मजबूत होते हैं, जो पुलिस कार्यों में भी सहायक साबित होता है।



कार्यक्रम में डीसी शशि प्रकाश सिंह, एसपी अंजनी अंजन, एसपी रामगढ़ अजय कुमार, एसपी कोडरमा अनुदीप सिंह, एसपी चतरा सुमित कुमार अग्रवाल, एसपी गिरिडीह विमल कुमार सहित उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के सभी पुलिस अधीक्षक, वरीय पुलिस पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रूबी सिंह ने किया। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि और सभी वरीय अधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## रिपब्लिक हुंडई ने हजारीबाग में नया हुंडई वैन्यू किया लांच




हजारीबाग (आजाद सिपाही)। रिपब्लिक हुंडई ने हजारीबाग में अपने नये अत्याधुनिक शोरूम का शुभारंभ नई हुंडई वेन्यू के शानदार लॉन्च के साथ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीटीओ बैधनाथ कामती और एम वी आई विजय गौतम ने फीता काटकर उद्घाटन किया। हुंडई मोटर इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख अजय तिवारी, टीएसएम शमिक चौधरी और मार्केटिंग मैनेजर अरिजीत सेनगुप्ता ने विशेष रूप से कार्यक्रम में शिरकत की। डीलरशिप की ओर से डीलर प्रिंसिपल राघव बुधिया, जीएम सेल्स सोमेश्वर सिंह, सेल्स हेड, प्रवीण मोदी एवं सेल्स मैनेजर बिनोद ठाकुर ने मेहमानों का स्वागत किया। इस अवसर पर राघव बुधिया ने 'ग्राहक सर्वप्रथम' सिद्धांत पर बल देते हुए कहा कि रिपब्लिक हुंडई हजारीबाग में ग्राहकों को विश्वस्तरीय सेवा, पारदर्शी डीलिंग और त्वरित डिलीवरी का अनुभव प्रदान करेगा।

## बरकट्ठा में किसानों को रबी फसल का बीज वितरित

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। भारतीय कृषि अनुसंधान गौरियाकरमा की ओर से किसानों के बीच रबी फसल का बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ कृष्णा प्रकाश और मुखिया सुमन कुमार उपस्थित रहे। कुल 42 अनुसूचित जाति के महिला-पुरुष किसानों को गेहूं, सरसों, मटर और सब्जी के बीज वितरित किए गए। किसानों ने समय पर बीज मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। आईसीएआर कर्मियों ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण बीज वितरण से कृषि उत्पादन में सुधार होगा। समाजसेवी प्रमोद रविदास ने कहा कि सरकार की योजनाओं को हर किसान तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा।

# भाजपा जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास और सम्मान को लेकर संकल्पित : मंजू देवी

- जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि सरकार आदिवासी समाज के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चला रही है

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा ।** जमुआ विधायक मंजू देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस घोषित कर जनजाति समाज के सम्मान को नयी ऊंचाई दी है। यह केवल जनजाति समाज का ही नहीं, बल्कि झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता का गौरव है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा से झारखंड के अमर बलिदानियों और महापुरुषों के सपनों के अनुरूप राज्य के विकास के लिए संकल्पित रही है।

मंजू देवी ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में ही अलग झारखंड राज्य का गठन हुआ और उसी सरकार ने आदिवासी मंत्रालय की स्थापना के साथ संथाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया।



जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने विधायक मंजू देवी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और कहा कि मोदी सरकार आदिवासी समाज के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चला रही है- जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना और पीएम जन मन योजना प्रमुख हैं।

उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा स्मृति स्थल को संग्रहालय के रूप में विकसित किया गया है और अंडमान द्वीप का नाम शहीद अल्बर्ट के नाम पर रखा गया है। वहीं, द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति पद पर आसीन होना जनजाति समाज के गौरव का प्रतीक है।

मौके पर पार्टी नेता सदस्य नितेश चंद्रवंशी, रामनाथ सिंह, बीरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष देवनारायण मोदी, जिला महामंत्री शिवेंद्र नारायण, जिला कोषाध्यक्ष सुभाष मोदी, शशि भूषण प्रसाद, हरि पंडित, चंद्रशेखर जोशी आदि मौजूद थे ।

### बारियातु में ग्रामीण विकास की योजना में अनियमितता

# केरेडारी प्रमुख और मुखिया ने काम को कराया बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** जिले के केरेडारी प्रखंड के बरियातू पंचायत में चल रहे करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप पर गुरुवार को कार्य स्थल पर निरीक्षण करने पहुंची केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी स्थानीय मुखिया नीतू कुमारी ने कार्य स्थल पहुंच कर निरीक्षण की, तो पता चला कि ठेकेदार द्वारा घटिया किस्म सामग्री गुणवत्ता कम सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा। उन्होंने ठेकेदार से अच्छा सामग्री इस्तेमाल करने की चेतवानी देते हुए काम को बंद करवा दिया है। बता दें कि केरेडारी के ग्राम पंचायत बारियातु में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के तहत करीब 1.67 करोड़ रुपये की लागत से गढ़वाल एवं पीसीसी/पुलिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जो बरियातू में बुधन साव के घर से कर्बला होते हुए श्मशान घाट तक बनना प्रस्तावित है। लेकिन स्थानीय ग्रामीणों ने इस पूरे प्रोजेक्ट को भ्रष्टाचार का अड्डा करार दिया है, और आगे कहा है कि निर्माण कार्य बेहद घटिया गुणवत्ता का हो रहा है। आगे कहा गढ़वाल की नींव मात्र 1 से 1.5 फीट गहरा किया गया है। पीसीसी लेयर सिर्फ 1-2 इंच तक ही डाला गया है। जिसके अलावा सीमेंट कम, बालू अधिक प्रयोग किया गया। गिट्टी की क्वालिटी भी बेहद कमजोर डाला गया है। पुलिया में भी घटिया पत्थर का इस्तेमाल किया गया, जिससे उसकी मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं। यह सभी बातें ग्रामीणों ने केरेडारी प्रमुख से शिकायत की है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार काम को बंद कराया गया, परंतु ठेकेदार द्वारा धौंस दिखाकर काम को चालू करवा दिया जाता हैं।



**अवैध बालू भंडारण की जांच कर होगी कार्रवाई : सीओ**

स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बारियातु में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा चल रहे काम में अवैध बालू और घटिया बालू का इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं सैकड़ों ट्रैक्टर अवैध बालू का भी भंडारण किया गया है। इसकी सूचना पर अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल ने जांच कर कार्रवाई करते हुए बालू जब्त करने की बात कही है।

## साइकिल रैली और वाल पेंटिंग कार्यक्रम में बच्चों ने लिया हिस्सा



चतरा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चतरा जिले में उत्सव का माहौल है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्थापना दिवस के पांच दिवसीय आयोजन के तीसरे दिन आज साइकिल रैली एवं वाल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साइकिल रैली कार्यक्रम की शुरूआत समाहरणालय परिसर से हुई। उपायुक्त कीर्तिश्री जी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने साइकिल रैली में भाग लिया। रैली समाहरणालय से प्रस्थान कर लक्ष्मणपुर भेड़ी फॉर्म डैम तक पहुंची। साइकिल रैली का उद्देश्य झारखंड के विकास पथ, पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार को जनभागीदारी के माध्यम से सशक्त बनाना रहा। रैली के पश्चात वाल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने झारखंड की संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली इतिहास को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया।

## पत्थर लदा हाइवा जब्त चालक-खलासी फरार

मांडू (आजाद सिपाही)। मांडू पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में बुधवार को हेसागढ़ा से पत्थर (छरी) लदा एक 16 चक्का हाइवा डंपर जब्त किया गया। यह वाहन रांची से पत्थर लोड कर बिहार की ओर जा रहा था। पुलिस को देखते ही चालक और उपचालक वाहन छोड़कर फरार हो गए। खनन विभाग के पदाधिकारियों ने मौके पर जांच के बाद मामला दर्ज कराया है और वाहन मालिक व चालक को नामजद अभियुक्त बनाया है। वाहन को मांडू थाना परिसर में रखा गया है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** रजरप्पा प्रोजेक्ट मे विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा प्रोजेक्ट में किया गया किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सप्तशक्ति संगम की क्षेत्र संयोजिका डॉ पूजा, प्रांत संयोजिका रंजना सिंह, प्रांत सह संयोजिका किरण राय, कार्यक्रम की अध्यक्षा डॉ संज्ञा, विभाग संयोजिका ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं व पुष्प अर्पित कर किया। प्रांत सह संयोजिका किरण राय ने कार्यक्रम की प्रस्तावना को रखते हुए कहा मातृशक्ति से ही समाज का विकास एवं कल्याण संभव है। भारतीय नारी समाज की प्रेरणा और राष्ट्र की आत्मा है। राष्ट्रीय सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण हुए हैं। समाज में परिवर्तन का कार्य अपने परिवार से शुरू करना है और इसकी इकाई मां है। इस अवसर पर सप्तशक्ति संगम की क्षेत्र संयोजिका डॉ पूजा ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण संबंध में भारतीय दृष्टि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम नही बल्कि सप्तशक्तियों का महायज्ञ है जहाँ हमारी सातो शक्तियाँ जागृत हो जाए ऐसा प्रयास करें । हमारे अंदर अथाह उर्जा है।



## कुजू को जल्द ही अतिक्रमण से मिलेगी आजादी : आशुतोष सिंह



कुजू (आजाद सिपाही)। कुजू ओपी परिसर का सौंदर्यकरण एवं क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने के मामले में गुरूवार को कुजू ओपी परिसर में बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने किया। बैठक के दौरान ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह द्वारा विधि व्यवस्था संधारण, क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं कुजू ओपी परिसर का सौंदर्यकरण हेतु जानकारियां मौजूद गणमान्य लोगों के बीच प्रस्तुत किया गया। इस दौरान ओपी भवन की जर्जर स्थिति, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और कुजू क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। जिस पर मौजूद जनप्रतिनिधियों समेत ग्रामीणों ने आम सहमति देते हुए कुजू पुलिस को हर संभव सहयोग करने की बात कही। वहीं, मौजूद लोगों ने ओपी प्रभारी द्वारा अबतक कुजू क्षेत्र के प्रति किए कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना, अपराधों को रोकना एवं सार्वजनिक शांति बनाए रखना पुलिस का कर्तव्य है। वहीं, मौजूद लोगों से आगे भी ऐसे ही सहयोग करने की अपील की। उन्होंने नयामोड़ से लेकर ट्रांसपोर्ट नगर और कुजू चौक से नया बाजार जाने वाले मार्ग में हुए अतिक्रमण को जल्द ही मुक्त कराने की बात कही। साथ ही, अभियान चलाकर कुजू क्षेत्र वासियों को जल्द ही अतिक्रमण से आजादी दिलाने का कार्य करेंगे।

## बीएड कॉलेज में शतरंज प्रतियोगिता संपन्न




चतरा (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सांसद खेल महोत्सव 2025 कार्यक्रम के तहत गुरुवार को चतरा बीएड कॉलेज सभागार में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए प्रतिभागियों ने अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य अतिथि चतरा विधायक ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसे अभियानों से देश के युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से गांवों और कस्बों से निकलने वाली प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच मिल रहा है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, बीएड कॉलेज के प्रोफेसर नंदकिशोर, चतरा कॉलेज चतरा के प्रोफेसर मुकेश झा, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन सौरभ तिवारी, बैजनाथ यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# वन विभाग ने कोयला लदा हाइवा पकड़ा, सेटिंग के बाद छोड़ा

- तीन घंटे तक चली सौदेबाजी दो लाख लेकर छोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ वन क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने एक अवैध कोयला लदे हाईवा को पकड़ी। यह कार्रवाई मंगलवार की देर रात गश्ती के दौरान की गयी। बताया जा रहा है कि हाईवा में अवैध कोयला लदा था। जिसे अवैध रूप से रामगढ़ की ओर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया। जब्त हाइवा को रामगढ़ वन प्रमंडल कार्यालय लाने की तैयारी होने लगी। लेकिन लेकिन कोयला तस्करो ने हाइवा को छुड़ाने के लिए बोली लगाना शुरू कर दिया। यह खेल करीब तीन घंटे तक चला। पूरा प्रकरण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सूत्रों ने बताया कि गिद्दी थाना क्षेत्र के बुंडू स्थित एक चार दिवारी में अवैध कोयले की भंडारण की गई है। अवैध कोयले की भंडारण को मंगलवार की रात करीब 12 बजे हाइवा संख्या 4818 पर अवैध कोयला लोड कराया गया। जिसे रामगढ़ लाने की तैयारी थी। इसी बीच वन विभाग की टीम ने छापामारी कर हाइवा को जप्त कर लिया। इसके बाद पूरे प्रकरण को शेखावत नामक तस्कर ने पकड़े गए हाइवा को छुड़ाने में जुट गया। सूत्रों ने बताया कि जब्त हाइवा को छुड़ाने के लिए शेखावत ने टीम के साथ सौदेबाजी शुरू किया। सौदेबाजी का खेल करीब तीन घंटे तक चला। जिसके बाद सबकुछ अच्छे माहौल में फाइनल हुआ और करीब दो लाख रुपए देकर जब्त हाइवा को छुड़ा लिया गया। पूरे प्रकरण की ईमानदारी पूर्वक जांच पड़ताल हुई तो विशेष तौर पर एक अधिकारी पर सीधा गाज गिरेगा।

**क्या बोले डीएफओ :** डीएफओ नितीश कुमार ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। अगर किसी कर्मचारी या अधिकारी की संलिप्तता पायी गयी, तो सख्त कार्रवाई की जायेगी।

**बुंडू से रांची रोड वन कार्यालय नहीं पहुंच पाया जब्त हाइवा, रास्ते में छूटा**

सूत्रों ने बताया बुंडू से अवैध कोयला लदा हाइवा को रांची रोड वन कार्यालय में लाने के लिए करीब तीन घंटे का सफर तय करना पड़ा। लेकिन विभाग के अधिकारी इतने समय के बाद भी वन कार्यालय नहीं पहुंच पाए और हाइवा को अरगड्डा जीएम कार्यालय के पास ही छोड़ना पड़ा। जिससे समझा जा सकता है कि विभाग कितनी ईमानदारी से जब्त हाइवा को वन कार्यालय ला रहे थे।

**जब्त हाइवा को लाखों रुपये की वसूली कर छोड़ा**

सूत्रों ने बताया कि वन विभाग की जब्त हाइवा को रांची रोड वन कार्यालय ला रहे थे। इसी दौरान करीब तीन घंटे बाद बुंडू से अवैध कोयला लदा हाइवा को लेकर वन विभाग के अधिकारी अरगड्डा जीएम कार्यालय के पहुंचे थे। इसी दौरान तस्करों की टीम एक डील के तहत पैसे की डिलीवरी कर हाइवा को अपने साथ ले गया।

## मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बने शंकर और प्रकाश




रामगढ़ (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक गुरुवार को चट्टी बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में हुई। बैठक की अध्यक्षता महावीर अग्रवाल ने की। इस दौरान सर्व सम्मति से सत्र 2025-27 के लिए शंकर अग्रवाल व प्रकाश पटवारी को एक एक वर्ष के लिए अध्यक्ष बनाए गए। बैठक में वर्तमान अध्यक्ष महावीर अग्रवाल ने सभा प्रारंभ की घोषणा की। मंत्री प्रकाश पटवारी ने सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सत्र 2025-27 के लिए अध्यक्ष के चयन की घोषणा की गयी। कनिष अग्रवाल द्वारा प्रकाश पटवारी के नाम का प्रस्ताव रखा गया। वहीं, जय प्रकाश मित्तल द्वारा शंकर अग्रवाल के नाम का प्रस्ताव रखा गया। इनका उमेश राजगढ़िया और आनंद कुमार अग्रवाल ने समर्थन किया। दोनों उम्मीदवार ने पद के लिए सहमति जतायी। निवर्तमान प्रमंडलीय मंत्री बिमल बुधिया व चुनाव पर्यवेक्षक रमेश बोंदिया एवं उम्मीदवार शंकर अग्रवाल व प्रकाश पटवारी के बीच विचार विमर्श कर तय किया गया की दोनों एक-एक वर्ष के लिए अध्यक्ष बनेंगे। पहले अध्यक्ष शंकर अग्रवाल होंगे व मंत्री प्रकाश पटवारी मंत्री रहेंगे। 1 साल पूरा होने के बाद शंकर अग्रवाल अपने पद से त्यागपत्र देंगे और प्रकाश पटवारी अध्यक्ष बनेंगे।




# गैंगस्टर सुजीत सिन्हा और अनुराग गुप्ता गठजोड़ की जांच एनआइए से हो: बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर मरांडी ने उजागर हुए गैंगस्टर अपराधी और पुलिस प्रशासन गठजोड़ को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला। मरांडी ने कहा कि अवैध डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति राज्य सरकार ने गिव एंड टेक फार्मूले के आधार पर किया था। अनुराग गुप्ता की एक एसपी के रूप ने ख्याति रही थी। उन्होंने कहा कि अनुराग गुप्ता का अवैध तरीके से डीजीपी बनने का रिश्ता काला धंधा और राजनीतिक संरक्षण के समीकरण पर टिका था। उन्होंने कहा कि पूरा मामला भारत माला प्रोजेक्ट पर वर्चस्व की लड़ाई और सुजीत सिन्हा के




कोयलांचल शांति समिति से जुड़ा हुआ है। इस पूरे खेल में पेटी टेंडर, स्टोन चिप्स, जमीन दलाली और अन्य अवैध कारोबारों के जरिए एक बड़ा नेटवर्क खड़ा करने की योजना से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट पर नियंत्रण के लिए अनुराग गुप्ता ने सुजीत सिन्हा को चुना था। जिसमें अनुराग गुप्ता की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। मरांडी ने कहा कि अमन साहू का फर्जी एनकाउंटर इसी वर्चस्व की लड़ाई का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जानकारी मिली है कि सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया सिन्हा की गिरफ्तारी के बाद बड़े रहस्य उजागर हुए हैं। अनुराग गुप्ता और रिया सिन्हा के वाट्सअप चैट में अमन साहू के एनकाउंटर के लिए पैसों के लेनदेन और रंगदारी वसूली का पूरा हिसाब किताब दर्ज है। उन्होंने कहा कि इस जानकारी के मिलने के बाद भी अवैध डीजीपी अनुराग गुप्ता को हटाने के लिए राज्य सरकार ने पहल नहीं की। उन्होंने कहा कि रिया सिन्हा ने पूछताछ में यह खुलासा किया है कि सुजीत सिन्हा जेल से ही कारोबारियों से रंगदारी मांगता था और प्रिंस खान के जरिए धमकाने का काम करता था। 13 अक्टूबर 2025 को रिया सिन्हा और अन्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया जिसके पास से तीन पिस्टल, सात मैगजीन 13 गोलियां एक कार और मोबाइल बरामद हुए। उन्होंने कहा कि मामला प्रकाश में आने पर आनन फानन में अमर पांडेय पर नकेल कसी गयी, नेक्सस टूट जाये और बात दबी रह जाये इसलिए एक एसपी को सिंगल नोटिफिकेशन द्वारा सीआइडी से हटाकर मोहनपुर कमांडेंट बनाकर भेजा गया फिर अनुराग गुप्ता को हटाया गया। प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अजय साह भी उपस्थित थे।

# बाबूलाल मरांडी को रॉ का चीफ बना देना चाहिए : सुप्रियो भट्टाचार्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पलटवार किया है। गुरुवार को सुप्रियो ने कहा कि बाबूलाल मरांडी को रॉ का चीफ बना देना चाहिए। उन्होंने कहा कि न देश के एनएसए अजीत डोभाल और सीबीआइ, एनआइए और इंटेलिजेंस और विजिलेंस के चीफ बता सकते हैं कि कौन सा डीजीपी और अधिकारी किस क्रिमिनल के साथ कितने पैसे का लेनदेन करता है यह बाबूलाल मरांडी ही बता सकते हैं। यह दिव्य दृष्टि उन्हें ही मिली है, जैसा महाभारत में संजय थे वैसे ही कलयुग के संजय बाबूलाल मरांडी हैं। उनकी दिव्य दृष्टि बीच-बीच में खुलती है, जब कोई रिटायर हो जाता है तब उनकी




तीसरी आंख खुलती है। बता दें कि बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया है। बाबूलाल मरांडी ने पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति और गैंगस्टर सुजीत सिन्हा के साथ गठजोड़ का आरोप लगाया है। वहीं सुप्रियो भट्टाचार्य ने असम को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) प्रक्रिया से बाहर रखने के चुनाव आयोग के फैसले पर कड़ा विरोध जताया है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग अब भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है और यह फैसला लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। सुप्रियो ने सवाल किया कि बिहार में एसआइआर पूरा होने के बाद एक भी बांग्लादेशी चिह्नित नहीं हुआ, तो असम में प्रक्रिया से बचने की क्या वजह है? उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा एसआइआर को एक राजनीतिक औजार बनाकर धर्म विशेष के लोगों को मताधिकार से वंचित करना चाहती है। यह लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है।




## झारखंड स्थापना दिवस पर मोरहाबादी मैदान में दो दिवसीय भव्य महोत्सव

# ड्रोन शो और झारखंड की गौरव गाथा होगी प्रदर्शित

**कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 2 बजे से होगी, 16 नवंबर को पहली बार झारखंड में जतरा का आयोजन किया जायेगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर इस वर्ष राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे करने जा रहा है। इस मौके को यादगार बनाने के लिए रांची के मोरहाबादी मैदान में 15 और 16 नवंबर को दो दिवसीय भव्य महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि 15 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 2 बजे से होगी। वहीं, 16 नवंबर को पहली बार झारखंड में जतरा का आयोजन किया जायेगा, जो डोरंडा से शुरू होकर कचहरी चौक होते हुए जेल पार्क में समाप्त होगी। इस जतरा में करीब 4000 कलाकार शामिल होंगे। इसके अलावा, 16 नवंबर की शाम मोरहाबादी में भव्य ड्रोन शो का आयोजन होगा, जिसमें बिरसा मुंडा की जीवनी और झारखंड की समृद्ध संस्कृति को आकर्षक दृश्यों के माध्यम से दिखाया जायेगा।

दूसरे दिन आयोजित होने वाले महोत्सव में झारखंड सरकार के सभी विभागों के स्टॉल लगाये जायेंगे, जहां आम जनता को सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और नयी पहलों की जानकारी दी जायेगी। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जीवन पर आधारित विशेष प्रदर्शनी लगायी जायेगी, जो राज्य के संघर्ष और आंदोलन की कहानी को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगी। इसके साथ ही एक इमर्सिव जोन भी बनाया जा रहा है, जहां दर्शक झारखंड की संस्कृति, विकास और विरासत से जुड़े विषयों पर इंटरैक्टिव फिल्में और प्रेजेंटेशन देख सकेंगे। इस एग्जीबिशन और इमर्सिव जोन की तैयारी की समीक्षा सूचना भवन सभागार में आयोजित बैठक में कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में की गयी, जिसमें विभिन्न विभागों के नोडल पदाधिकारी मौजूद थे।
























आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 14 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# राज्य स्थापना दिवस पर विभिन्न योजनाओं का होगा शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 15 नवंबर को राज्य सरकार के निदेश पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगा। इसमें विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया जाएगा। उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में उक्त कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त द्वारा शिलान्यास और उद्घाटन किये जानेवाले योजनाओं की विभागवार चर्चा की गयी और योजनाओं का शिलापट्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया। इसमें राज्य सरकार द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में मानक अनुरूप कार्य करने का निदेश दिया गया। इसमें आंगनवाड़ी केंद्र, चेकडैम, नदी पर बने पुल, पेयजल की योजनाएं, सीएसआर अंतर्गत पूर्ण की गयी योजनाएं, अनाबद्ध निधि से स्वीकृत योजनाएं, कल्याण विभाग अंतर्गत धुमकुड़िया हाउस निर्माण, पर्यटन अंतर्गत शहीदों के शिलापट्ट लगाने की योजनाएं आदि शामिल हैं। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग समेत जिला के सभी तकनीकी और गैर तकनीकी विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### उपायुक्त और एसपी की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक

# अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिये गये निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 31 अक्टूबर 2025 से अब तक अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध 28 निरीक्षण किये गये हैं, जिनमें 17 वाहनों को जब्त कर 1 प्राथमिकी दर्ज की गयी है तथा 1 लाख 93 हजार 600 रुपये जुर्माना राशि की वसूली की गयी।

उपायुक्त ने जिला अंतर्गत अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया एवं अनियमितता पाये जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गयी। समीक्षा के क्रम में जिला अंतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण, जांच, रॉयल्टी संग्रहण, आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में एक भी वाहन से अवैध खनन नहीं होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए उन्होंने दोषियों को पकड़ते हुए तुरंत उन पर एफआइआर दर्ज करने एवं संबंधित पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, कोल कंपनियों के अधिकारी, प्रतिनिधि, अन्य संबंधित पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## जनप्रतिनिधि और अधिकारियों को स्पेशल जंबूरी के लिए आमंत्रित किया गया



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारत स्काउट और गाइड नयी दिल्ली के तत्वाधान में स्पेशल जंबूरी का आयोजन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में किया गया है । जंबूरी 27 नवंबर से शुरू होकर 29 नवंबर तक चलेगा। इस शिविर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस बाबत लोहरदगा जिला सचिव शैलेंद्र सुमन, संयुक्त सचिव मुमताज अहमद, जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन ने लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत, विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, डीसी डॉ कुमार ताराचंद, एसपी सादिक अनवर रिजवी, डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत,जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्र मौलेश्वर ,जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार से मुलाकात कर जंबूरी में आतिथ्य स्वीकार हेतु अनुरोध के साथ आमंत्रण पत्र सौंपा। सांसद ने गाइड की बच्चियों का हौसला बढ़ाते हुए जीवन में अच्छे कर्म करने की बात कही। डीसी ने भारत स्काउट गाइड टीम की जानकारी लिया और हर्ष व्यक्त किया। एसपी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम में विभिन्न कल्चर का समागम होता है । डीईओ एवं डीएसई ने भी ऐसे आयोजन की प्रशंसा किया। इस जंबूरी में लोहरदगा के बच्चे भी शामिल हो रहे हैं।

## भंडरा में रक्तदान शिविर का आयोजन




**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के नौ लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देखकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान कर हम किसी और लोगों की जिंदगी बचा सकते है। हम सभी को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान करने से हमारे शरीर में कोई नुकसान नहीं होता है, बल्कि यह हमारे शरीर के लिए फायदेमंद होता है। हम सभी को रक्तदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करना चाहिए। मौके पर डॉ पूनम कुजूर, लैब टेक्नीशियन विकास कुमार, जीएनएम अंजिता लकड़ा, रितु कुमारी, संदीप कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# मृत दंपति के आश्रितों के लिए सरकारी सहायता की मांग पर अड़े ग्रामीण

**अधिकारियों के हस्तक्षेप और आर्थिक सहायता, आश्वासन के बाद मामला शांत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुडू / लोहरदगा।** कुडू-लोहरदगा मुख्य मार्ग स्थित दोबा मोड़ के समीप बुधवार की शाम हुए सड़क हादसे में मृत दंपति के मामले को लेकर गुरुवार को ग्रामीण मृतकों के आश्रितों को तत्काल मुआवजा एवं सरकारी सहायता की मांग पर अड़ गये। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अजित कुमार ने लोगों को सरकारी लाभ मिलने की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए मृतक के आश्रितों को तत्काल राहत स्वरूप दस हजार की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। इसी बीच, सीओ द्वारा पंचायत की मुखिया ललिता उरांव को मोबाइल पर चंदा करने की बात कहे जाने से ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और आजसू के केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, मुखिया ललिता उरांव एवं पूर्व उपमुखिया हफीजुल अंसारी के नेतृत्व में अंचल कार्यालय पहुंचकर विरोध जताना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही एसआई हेमंत कुमार एवं अंचल अधिकारी संतोष उरांव भी मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को समझाया और मृतक के परिजनों को हरसंभव सरकारी सहायता देने का आश्वासन दिया। इसके बाद स्थिति सामान्य हुई। ततपश्चात सीओ ने भी मृतक के आश्रित को दस हजार की अतिरिक्त आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। स्थिति शांत होने पर पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौरतलब है कि बुधवार की शाम मकान्दू गांव निवासी सारू उरांव एवं उनकी पत्नी जयवंती कुमारी की मौत दोबा मोड़ के समीप एक सड़क हादसे में हो गयी थी। मृतक के परिवार में छह माह का एक शिशु रह गया है।

# जनजातीय कल्याण के लिए भाजपा सरकार का समग्र दृष्टिकोण : सन्नी टोप्पो

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार परिषद सदन में भारतीय जनता पार्टी जिला लातेहार के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने किया जबकि प्रेस कांफ्रेंस मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व मांडर भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने कहा कि 'जनजातीय कल्याण के लिए भाजपा सरकार का समग्र दृष्टिकोण' भारत की जनजातियां हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं और प्रकृति के प्रति समर्पण की प्रतीक हैं। भाजपा सरकार ने जनजातीय समाज को केवल कल्याण की दृष्टि से नहीं, बल्कि सशक्त भारत के निर्माण में सहभागी के रूप में देखा है। यही कारण है कि पिछले वर्षों में जनजातीय समाज के लिए नीति, योजना और सम्मान तीनों स्तरों पर अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। दृष्टिकोण विकास के साथ सम्मान भाजपा सरकार का दृष्टिकोण मात्र आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि वह जनजातीय समाज को आत्मनिर्भर, शिक्षित और गौरवान्वित नागरिक के रूप में देखती है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र के अंतर्गत जनजातीय समाज को मुख्यधारा में अग्रणी भूमिका दी गयी है। जनजातीय गौरव दिवस की शुरूआत कर उनके इतिहास और संघर्ष को राष्ट्रीय पहचान दी गयी।

भाजपा सरकार का जनजातीय कल्याण दृष्टिकोण सहायता नहीं, सशक्तिकरण पर आधारित है। यह दृष्टिकोण जनजातीय समाज को आत्मनिर्भर, सम्मानित और विकसित भारत के निर्माण में भागीदार बनाता है। यह केवल नीतियों का नहीं, बल्कि भारत की आत्मा के पुनर्जागरण का दशक है। इस मौके पर भाजपा उपाध्यक्ष राकेश दुबे, महामंत्री अमलेश सिंह, महामंत्री बंशी यादव, अधिवक्ता राजीव रंजन पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश पांडेय, एसटी मोर्चा अध्यक्ष सुरेश उरांव,मोर्चा महामंत्री सोराई भगत, धनेश्वर उरांव, प्रमोद प्रसाद, संतोष पांडेय विष्णु गुप्ता, आनंद सिंह, प्रकाश कुमार, सैलेश पासवान उपस्थित थे ।

## 30 किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण




**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के भैंसमुंदो सामुदायिक भवन परिसर में गुरुवार को फसल विस्तार योजना के तहत 30 किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण किया गया। मौके पर पहुंची मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव ने किसानों के बीच मक्का बीज वितरण करते हुए कहा कि सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने को लेकर संकल्पित है। किसान बेहतर ढंग से खेती के माध्यम से भी अपनी आर्थिक स्थिति को सशक्त बना सकते है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास शुरू से ही रहा है कि हमारे क्षेत्र के किसान समृद्ध व खुशहाली बने। प्रखंड प्रमुख बरिया देवी ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा फसल विस्तार योजना के तहत 30 किसानों के बीच चार-चार किलोग्राम मक्का बीज का वितरण किया गया है। साथ ही किसानों को खेती की विधि को भी विस्तार पूर्वक कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया। किसान अपने खेतों की उर्वरा शक्ति की जांच कर खेती लगाएं, ताकि उन्हें बेहतर पैदावार का लाभ मिल सके। मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि फसल विस्तार योजना किसानों के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे किसानों को अच्छी गुणवत्ता वाले बीज मिल रहे है। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। मौके पर एटीएम अजय कुमार, सरस्वती साहू, विजय चौहान,चंद्रिका सिंह सहित किसान मौजूद थे।

## 'विरासत, प्रगति और आशंकाओं का उत्सव' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य स्थापना का 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर विरासत,प्रगति और आशंकाओं का उत्सव विषय पर मुख्यालय स्थित प्रखंड रिसोर्स कक्ष में शिक्षा विभाग के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन की अध्यक्षता में एक भव्य प्रखंड स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएमश्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सेन्हा और झारखंड कस्तूरबा विद्यालय पेशरार, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय शाहबुटी, बुनियादी उच्च विद्यालय सेन्हा, उच्च विद्यालय चितरी तथा राजकीय कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला और प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। जिसमें झारखंड की संघर्ष भरी गाथा, झारखण्ड के वीर महापुरुषों का योगदान और राज्य की 25 वर्षों की प्रगति यात्रा पर केंद्रित इस आयोजन में बच्चों ने क्विज, निबंध लेखन, गायन, नृत्य और पेंटिंग प्रतियोगिता में पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने बच्चों की कलाओं का सराहना किया और कहा कि यह आयोजन न केवल एक समारोह है। बल्कि झारखंड की आत्मा और संघर्ष की कहानी को जीने का एक प्रेरक प्रयास भी है। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए सभी बच्चों को अगले कार्यक्रम के लिए अच्छी तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर कार्यक्रम में बीआरपी अंबिका शरण पाण्डेय, शैलेश किसलय, निशा प्रसाद, सीआरपी बिरेंद्र कुमार, उपेंद्र ठाकुर, नीता कुमारी, निशी कुमारी सिनी ट्रस्ट के उदित कुमार, प्रेमलता पूर्ति के अलावे चांदनी सहदेव, ममता कुमारी, पिंकी कुमारी, संतोष भगत सोनी कुमारी समेत कई शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में बाल मेला आज

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस को समर्पित बाल दिवस पर बरवाडीह के शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में बाल मेला का आयोजन शुक्रवार को किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे और समापन दोपहर 1 होगा। मेले में विद्यालय के शिक्षकों और शिक्षिकाओं के द्वारा तरह तरह के व्यंजन और खाने-पीने के स्टॉल लगाये जायेंगे। स्टॉल में द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन जैसे चाट, चाउमीन, पानीपुरी झालमुरी आदि के स्टॉल लगाये जायेंगे। वहीं कई खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जायेगा। अलग-अलग स्टॉल में बच्चों के द्वारा अलग-अलग गेम्स का भी आयोजन किया गया है। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें लोक नृत्य (नागपुरी डांस), गायन और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जायेगी। मेले में स्कूली बच्चों के अलावा अन्य लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। विद्यालय के प्राचार्य शांतनु डे ने जानकारी देते हुए कहा कि पंडित नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता कहे जाते हैं, उन्हें छोटे बच्चों से बहुत स्नेह था। आज के बच्चे ही कल के योग्य नागरिक होंगे। इसलिए विद्यालय में बाल मेला का आयोजन किया जा रहा है ताकि बच्चों को बाल दिवस के अवसर पर भरपूर मनोरंजन और सीखने के अवसर प्रदान किया जा सके।

# भगवान बिरसा मुंडा गौरव दिवस पर भाजपा का सेवा पखवाड़ा और दीप उत्सव कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के अध्यक्ष सचिन कुमार साहू की अध्यक्षता में भगवान बिरसा मुंडा गौरव दिवस की 150 वीं जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पार्टी के सेवा पखवाड़ा एवं दीप उत्सव अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जो 13 नवंबर 2025 से 16 नवंबर 2025 तक चलाया जायेगा। इस अवसर पर कार्यकताओं ने शंख नदी स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर परिसर की सफाई अभियान चलाया तथा दीप प्रज्वलन कर महान जननायक भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की। दीपों की उजास से पूरा स्थल आलोकित हो उठा और वातावरण में देशभक्ति तथा जनसेवा की भावना व्याप्त हो गयी। इस दौरान पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के गौरव, जननायक और सामाजिक न्याय के प्रतीक थे। उन्होंने अंग्रेजों की गुलामी के विरुद्ध आवाज उठाकर समाज में जागरूकता की अलख जगायी। उनके विचार आज भी समाज को एकता, परिश्रम और आत्मसम्मान का संदेश देते हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा संगठन देशभर में सेवा पखवाड़ा एवं दीप उत्सव कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सेवा,स्वच्छता और सांस्कृतिक गौरव का संदेश पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। सभी ने एकमत होकर भगवान बिरसा मुंडा के पदचिन्हों पर चलने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रतिज्ञा की गयी। इस अवसर पर अजय पंकज, पशुपतिनाथ पारस, लक्ष्मी नारायण भगत, मिथुन तामड़ा, दिलीप पटनायक, अनिल उरांव, समेला भगत, सुरेश लोहारा,अशोक कसकर, सक्रिय सदस्य विजय खत्री, दुर्गा प्रसाद, सक्रिय सदस्य अंकित अग्रवाल, बैजनाथ साहू, दीपक कुमार, विकास अग्रवाल, चंदन गोप, विश्वजीत घोष, सहित नगर मंडल के अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# लोहरदगा में प्लस टू स्कूलों के बीच कौशल प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सीएम उत्कृष्ट नदिया प्लस टू उच्च विद्यालय में लोहरदगा शिक्षा परियोजना के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित स्किल कंपटीशन जिले के विभिन्न प्लस टू स्कूल के बीच कराया गया। जिसमें जिले के सभी सरकारी प्लस टू स्कूल में व्यावसायिक शिक्षा पढ़ाई होती है वह सभी व्यावसायिक प्रशिक्षक अपने-अपने विद्यार्थी के साथ इस स्किल कंपटीशन में भाग लेने आये। सभी लोगों ने अपना-अपना कौशल दिखाया व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत अलग-अलग विषय जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर में नन्दलाल +2 उच्च विद्यालय अरू सेन्हा प्रथम स्थान पाया, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट में प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय लोहरदगा प्रथम स्थान, आइटी एंड आइटीइएस में प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय प्रथम स्थान और टूरिस्ट एंड हॉस्पिटैलिटी मैं प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय प्रथम स्थान, एग्रीकल्चर में ब्रह्मांडीहा चट्टी प्रथम स्थान, रिटेल में कस्तूरबा सीएम एसओइ गर्ल्स हाई स्कूल लोहरदगा प्रथम स्थान, हेल्थ केयर में कस्तूरबा सी एम एसओइ गर्ल्स हाई स्कूल प्रथम स्थान, अप्पेरल में प्रोजेक्ट +2 हाई स्कूल कुरु प्रथम स्थान, ब्यूटी एंड वैलनेस में गांधी मेमोरियल +2 हाई स्कूल मरडीह प्रथम स्थान, ऑटोमेटिव में प्रोजेक्ट +2 हाई स्कूल कुडू प्रथम स्थान पाया।

इस स्किल कंपटीशन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी का आगमन हुआ जिसमे उन्होंने सारे विद्यार्थियों को अपने हुनर को इसी प्रकार और बेहतर करते हुए अपने जीवन का निर्वाहन के लिए नौकरी खोजने वालों में से नहीं बन कर नौकरी देने वालों में से बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साथ स्किल कंपिटिशन में जज के रूप में सदर अस्पताल से चिकित्सा पदादिकारी, डीएससी, जिला कृषि पदाधिकारी जी न्यूज के प्रवक्ता गौतम, अभिजीत मन्ना और सपना सिंह भी मौजूद थे।

## चौकीदार के साथ मारपीट और जातिसूचक गाली मामले का आयोग ने लिया संज्ञान

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र बीते माह आदिवासी चौकीदार के साथ पूर्व थाना प्रभारी द्वारा मारपीट कर जाती सूचक गाली गलौज किया गया था। जिसके आलोक में सेन्हा थाना प्रभारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई नही होने पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने संज्ञान लेते हुए प्राप्त याचिका के आलोक में पुलिस अधीक्षक लोहरदगा को एनसीएसटी/ एटीवाइ-3118/जेएच/196/2025-आरयू-आइवी दिनांक 24/10/2025 के आलोक में अवगत कराते हुए कहा कि स्थानीय थाना प्रभारी के द्वारा मारपीट कर जाती सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए चौकीदार बुधवा उरांव पिता स्वर्गीय मनी उरांव ग्राम एकागुड़ी निवासी को अपमानित किया गया है। जिस पर आयोग द्वारा बताते हुए निर्गत पत्र के आलोक में 15 दिनों के अंदर स्थानीय थाना प्रभारी वारिस हुसैन के विरुद्ध की गयी कारवाई का जांच प्रतिवेदन डांक से या व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर या किसी अन्य संचार साधन के माध्यम से प्रस्तुत करने की बात कही गयी है। साथ ही निर्देश दिया गया है कि आरोपी थाना प्रभारी वारिस हुसैन के विरुद्ध आयोग को आपका उतर प्राप्त नहीं होता है तो ऐसे परिस्थिति में आयोग भारतीय संविधान का अनुच्छेद 338 के अंतर्गत उसे प्रदत सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग कर सकता है तथा व्यक्तिगत रूप से या प्रतिनिधि के माध्यम से आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए आपको समन जारी कर सकता है। विदित हो कि चौकीदार बुधवा उरांव के साथ 9 अक्टूबर को हुई घटना के आलोक में 17 अक्टूबर को प्राप्त याचिका को लेकर 15 दिनों के अंदर पुलिस अधीक्षक लोहरदगा से आयोग द्वारा जबाब का मांग किया गया है।

## गढ़वा का मजदूर महुआडांड़ में लापता



**महुआडांड़/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** गढ़वा मेराल के निवासी राजेन्द्र तिवारी (राजु तिवारी) महुआडांड़ प्रखंड में अचानक लापता हो गये हैं। जानकारी के अनुसार, सितंबर माह में वे जीयो टावर के काम के लिए महुआडांड़ आये थे और पार्वती रेस्ट हाउस में कमरा लेकर रह रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि राजेन्द्र ने बरदौनी कला टावर में चार-पांच दिन तक काम किया, लेकिन 28 सितंबर की शाम को जब वे रेस्ट हाउस से निकले, उसके बाद उनका कोई अता-पता नहीं है। उनका मोबाइल नंबर 8252200230 उसी समय से बंद है। परिवार ने बताया कि राजेन्द्र के घर पत्नी और तीन छोटे बच्चे हैं, जो उनकी गुमशुदगी से गहरे परेशान हैं। परिवार ने प्रशासन और पुलिस से तत्काल जांच और खोजबीन की अपील की है। जो कोई भी राजेन्द्र तिवारी के बारे में जानकारी दे सकता है, वह तुरंत उनके घर संपर्क कर सकता है मोबाइल नंबर 9241926169। स्थानीय लोग और परिवार इस मामले में सार्वजनिक मदद की अपील कर रहे हैं और प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि लापता व्यक्ति को जल्द सुरक्षित घर लौटाया जाये।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 14 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in
07

# बालू माफियाओं-चोरों के लिए मुखबिरी करते तीन युवकों को एसडीएम ने पकड़ा

## उन्हें मुखबिरी के बदले मिलता था पैसा, अभिभावकों के आने के बाद सशर्त छोड़ा

**सभी पर बीएनएसएस के तहत निरोधात्मक कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** एसडीएम संजय कुमार के क्षेत्र भ्रमण के दौरान बालू चोरी में संलिप्त तीन युवकों को बुधवार को देर रात पकड़ा गया। वे लोग एसडीएम की मुखबिरी कर रहे थे। पकड़े गए लोगों ने बताया कि एसडीएम की लोकेशन की जानकारी देने के बदले में प्रति रात के हिसाब से बालू माफिया और बालू चोरों की गिरोह की ओर से उन्हें पैसा दिया जाता था। इसी कड़ी में रात्रि गश्त पर निकले एसडीएम के लोकेशन की जानकारी पाने के लिए बुधवार को कचेहरी रोड मंगल भवन के पास एक कार में दो युवक कंबल लिए बैठे थे। जिन्हें संदेह होने पर एसडीएम ने पकड़ लिया। इनमें से एक की पहचान पवन कुमार के रूप में हुई है। उसने पूछताछ में बताया कि वह मनीष पांडे नामक बालू चोर के लिए काम करता है। जबकि दूसरे युवक सूरज ठाकुर ने बताया कि वह अपने मामा के यहां रहता है। बताया कि उसके मामा गढ़वा में एक प्रतिष्ठित वकील हैं। दोनों ने एसडीएम के समक्ष कबूल किया कि वे यहां बैठकर बालू चोरों को रात भर अपडेट देते थे।



रात्रि गश्त पर निकले एसडीएम संजय कुमार।

गाड़ी में टिफिन, कंबल, सिगरेट आदि मिलने से भी इस बात की पुष्टि हुई कि वे लोग रात भर वहीं रहकर रेकी करते हैं। एसडीएम ने मौके से ही थाना प्रभारी को सूचना दी। पर थाना से मंगल भवन की दूरी एक किलोमीटर होने के बावजूद पुलिस जब आधा घंटे तक मौके पर नहीं पहुंची तो एसडीएम में दोनों के परिजनों को बुलाकर इस लिखित अंडरटेकन के साथ सौंपने का निर्णय लिया। हालांकि परिजनों के आने के बाद पीसीआर और मोबाइल टाइगर के जवान भी वहां पहुंच गये। इसके बाद पुलिस और परिजनों की मौजूदगी में उन्हें इस लिखित अंडरटेकन के बाद घर जाने दिया कि वे आगे से इस प्रकार की मुखबिरी नहीं करेंगे। साथ ही उन्हें निर्देश दिया गया कि वे बीएनएसएस की धारा 126 के तहत नोटिस मिलने पर कोर्ट में अपना लिखित पक्ष रखेंगे। इसके अलावा एक अन्य युवक विपिन कुमार लेमन ग्रास होटल के सामने स्कॉर्पियो में बैठकर रेकी करते पाया गया। हालांकि गाड़ी के पास जाने पर वह तेजी से दौड़ते हुए भाग गया। उक्त काले रंग की स्कॉर्पियो पिछले कई दिनों से एसडीएम के आगे पीछे चल रही थी। गुरुवार को उस युवक और उसके पिता ने अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष लिखित अंडरटेकन देकर माफी नामा दिया। कि वह अब कभी बालू चोरों के लिए मुखबारी नहीं करेगा। इस पर उन्हें सशर्त छोड़ा गया कि वह हर अगले आदेश तक सप्ताह में एक दिन अनुमंडल कार्यालय में हाजिरी लगाएंगे। संजय कुमार ने बताया कि इस मुखबिरी में कुछ स्थानीय पत्रकारों के शामिल होने की सूचना मिल रही हैं जिनकी भूमिका की जांच की जा रही है। इसके अलावा एसडीएम ने देर रात मझिआंव के बूढीखाड़ खरसोता इलाके में बांकी और कोयल नदी के बालू प्रवण संवेदनशील इलाकों में औचक छापामारी की। हालांकि एसडीएम के आने की भनक पहले से लग जाने के कारण बालू चोर मौके से फरार हो चुके थे।

## अवैध सॉस फैक्ट्री का भंडाफोड़, 180 किलो सॉस किया गया नष्ट



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन की ओर से की गयी त्वरित छापामारी में गढ़वा के वार्ड नंबर 13, सहिजना में एक अवैध सॉस फैक्ट्री का खुलासा हुआ। इसमें बिना लाइसेंस के मिलावटी टोमैटो और चिल्ली सॉस बनाई जा रही थी। जिसे ग्रामीण इलाकों में बेची जा रही थी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने मौके पर जांच कर 180 किलो सॉस नष्ट कर दिया। लगे हाथ जांच के लिए नमूने संग्रह कर रांची खाद्य जांच प्रयोगशाला भेज दिया। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान टीम ने संबंधित व्यक्तियों को वैध खाद्य लाइसेंस लेने और खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुसार कारोबार संचालित करने की चेतावनी दी। इस कार्रवाई का नेतृत्व सह उपमुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरएस सिंह एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपाश्री ने किया। इसमें विवेक तिवारी, संतोष कुमार और पुलिस की टीम शामिल थी।

## धार्मिक स्थल में तोड़फोड़ के आरोप में दो गिरफ्तार



**मझिआंव/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बरडीहा थाना क्षेत्र के सरसतिया गांव निवासी हरि नारायण यादव (38) ने थाने नें आवेदन देकर आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र के तहत गांव के धार्मिक स्थल में तोड़फोड़ कर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया है। बताया कि बुधवार की रात नौ बजे मोहम्मद राजा खान (झारखंड पुलिस), अब्दुला खान, मजोबिल खान, आदिल खान आदि सहित करीब 15 लोगों ने मिलकर बजरंगबली स्थान पर स्थित ध्वज को उखाड़ दिया एवं देवी-देवताओं की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। हरि नारायण यादव ने कहा कि जब वह भोजन के बाद टहलने निकले, तब उन्होंने इन लोगों को घटना को अंजाम देते देखा। शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्रित हो गए, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकले। घटना के बाद उन्होंने थाना प्रभारी को आवेदन सौंपते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उधर, पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए बरडीहा गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की है। बरडीहा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त बरडीहा थाना क्षेत्र के सरसतिया निवासी अब्दुला खान (38) और मझिआंव थाना क्षेत्र के घुरवा निवासी आमिर हुसैन (29) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## झामुमो के माफियागिरी की राह में विधायक सत्येन्द्र तिवारी सबसे बड़े बाधक : रितेश चौबे



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने झामुमो पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि माफिया राज के नाम से झामुमो के लोग घबरा जा रहें हैं। गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने पिछले दिनों कार्यक्रम में कहा था कि गढ़वा में गरीब जनता को लुटने नहीं देंगे। इस पर झामुमो के लोग घबराहट में हैं। कहा कि माफिया के नाम पर झामुमो के लोगों को बुरा क्यों लग रहा है। जब गढ़वा में परिवर्तन हुआ तो झामुमो के लोग छटपटाहट में विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर टिप्पणी करने में लगे हैं। लेकिन यह सच है कि विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी गरीब असहाय लोगों के लिए हमेशा खड़े रहते हैं। यह बात झामुमो के लोग पचा नहीं पा रहे हैं। कहा कि झामुमो के बयान से यह स्पष्ट हो रहा है कि झामुमो की सोच माफिया के साथ है। झामुमो सरकार में माफिया राज चल रहा है। यह बात जनता जान चुकी है। गढ़वा में सत्येन्द्र नाथ तिवारी के बनने से शायद झामुमो के तथाकथित लोग को माफियागिरी में दिक्कत लग रहा है। लेकिन गढ़वा की जनता सब समझ चुकी है।

## गांव में छिपी है प्रतिभाएं : बीडीओ



**रंका (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्थापना दिवस की रजत जयंती पर रंका के बीडीओ शुभम बेला तोपनों के निर्देश पर परियोजना कन्या उच्च विद्यालय में क्वीज, पेंटिंग एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीडीओ ने कहा कि विद्यार्थियों की द्वारा बनायी गयी पेंटिंग बहुत सुंदर है। कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में प्रतिभा छिपी हुई है। उन्हें सिर्फ निखारने की जरूरत है। इस मौके पर सीओ शिवपूजन तिवारी, प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार रजक, प्रताप पांडेय, शिक्षक धीरज कुमार सिंह, सीआरपी संजय प्रसाद, शिक्षिका आरती कुमारी, चंदन ठाकुर और उरांव साहब आदि उपस्थित रहे।

## अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट में गढ़वा ने लातेहार की टीम को 6-2 से हराया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिला में चल रहे अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट में गढ़वा का मुकाबला लातेहार के साथ हुआ। जिसमें गढ़वा की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए मैच के शुरूआती दौर से ही लातेहार की रक्छापंती को तोड़ते हुए गोल की झड़ी लगा दी। मैच के 5वें मिनट में ही सहेंदर लकड़ा ने शानदार गोल कर 1-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि लातेहार की टीम ने भी 9वें मिनट में गोल कर स्कोर बराबरी पर ला दिया। इसके बाद गढ़वा की टीम ने मैच के 15वें और 21वें मिनट में खिलाड़ी रोमारियो लकड़ा के लगातार दो गोल कर टीम की बढ़त दिला दिया। इस तरह मध्यांतर के ठीक पहले गढ़वा की टीम ने क्रमशः शानदार खेल दिखाते हुए मैच के 39वें मिनट में टीम की ओर से सहेंदर लकड़ा ने दूसरा गोल कर स्कोर 4-1 पर पहुंचा दिया। मध्यांतर के बाद का खेल और भी रोमांचक हो गया। लातेहार की टीम भी करारा प्रहार करते हुए और एक गोल कर मैच के 42वें मिनट में स्कोर को 4-2 पर ले गयी। पर गढ़वा के खिलाड़ी भी पीछे नहीं रहे और मैच के 60वें मिनट में ही मोहन कुमार ने एक और गोल कर टीम का स्कोर 5-2 कर दिया। इसके साथ ही लातेहार की टीम का मनोबल टूट गया। इस बीच गढ़वा की टीम ने मैच को एक तरफा करते हुए अंतिम क्षणों में रूपेश मांझी ने एक गोल की मदद से लातेहार को 6-2 से परास्त कर अगले चक्र में प्रवेश किया। जहां शुक्रवार को उसका मुकाबला पलामू और लोहरदगा के बीच की विजेता टीम से होगा।

## प्रख्यात शिक्षाविद मथुरा सिंह का निधन, कांडी में शोक



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कांडी पंचायत अंतर्गत बहेरवा गांव निवासी प्रख्यात शिक्षाविद मथुरा सिंह का बुधवार की रात उनके आवास पर निधन हो गया। वे 82 साल के थे। बताया जा रहा कि उन्हें अचानक सांस लेने में तकलीफ और बेचैनी महसूस हुई और जिसके कुछ ही देर बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। मथुरा सिंह अंग्रेजी विषय के जाने-माने शिक्षक थे और छात्रों के बीच उनकी पहचान एक मेहनती, अनुशासित और मिलनसार गुरु के रूप में थी। उनका जन्म 15 जनवरी 1943 को हुआ था। उन्होंने वर्ष 1962 में कांडी हाई स्कूल से शिक्षक जीवन की शुरूआत की थी, जबकि 31 जनवरी 2003 को हैदरनगर राजकीय उच्च विद्यालय से सेवानिवृत्त हुए। वे अपने पीछे पुत्र विजयेंद्र सिंह (इंजीनियर, पेयजल विभाग, लातेहार), अरुण सिंह (केमिकल इंजीनियर, दुर्गापुर स्टील प्लांट) और ओंकार सिंह (प्रधानाध्यापक, मीडिल स्कूल रतनगढ़) छोड़ गये हैं। उधर, मथुरा सिंह के निधन की खबर से पूरे प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गई। शिक्षा जगत से जुड़े कई लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। वहीं, मृतक का अंतिम संस्कार गुरुवार को सोन नदी तट पर उनके परिजनों की उपस्थिति में किया गया।

## मझिगावां-कांडी मुख्य सड़क पर वाहनों की सघन जांच

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से ओपी प्रभारी नसीम अंसारी के नेतृत्व में मझिगावां-कांडी मुख्य सड़क पर गुरुवार को वाहनों की सघन जांच की गयी। इस दौरान आने-जाने वाले सभी दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। इससे वाहन चालकों में हलचल देखी गई। खासकर बिना हेलमेट वाले चालकों में घबराहट का माहौल रहा। कई चालकों को यातायात नियमों के उल्लंघन पर चेतावनी भी दी गई। पुलिस ने बताया कि यह जांच अभियान सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक है। आगे भी समय-समय पर इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं, ओपी प्रभारी ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने की अपील की, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। इस दौरान पुलिस ने वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस और बीमा की भी जांच की। कई वाहन चालकों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर समझाया गया और चालान काटने की चेतावनी दी गई। ओपी प्रभारी ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। संदिग्ध वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

## डंडई के बैरियादामर में भीषण आग, ट्रैक्टर-थ्रेसर के साथ खेत में रखा धान जलकर खाक



**डंडई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बैरियादामर गांव में बुधवार को धान काटने के दौरान खेत में काम कर रहे ट्रैक्टर और थ्रेसर मशीन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते दोनों मशीनें आग की लपटों में घिर गईं। ग्रामीणों की कड़ी कोशिशों के बावजूद ट्रैक्टर, थ्रेसर और खेत में रखा धान का ढेर पूरी तरह जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर और थ्रेसर बैरियादामर निवासी नसीम अंसारी की थी। बुधवार को ट्रैक्टर ठगमनवा गांव के किसान सकिर अंसारी के खेत में धान अलग करने का काम कर रहा था। मशीन को जोड़ने वाले चार बोल्टों में से दो पहले ही टूट चुके थे। इस दौरान मशीन चलने पर बचे हुए बोल्टों में घर्षण से चिंगारी निकली, जिसने पास में रखे सूखे पुआल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे आग लग गयी। हवा के तेज झोंकों से आग तेजी से फैलने लगी। कुछ ही मिनटों में आग ने ट्रैक्टर और थ्रेसर को पूरी तरह घेर लिया। इसके बाद खेत में रखा धान भी चपेट में आ गया। मौके पर मौजूद चालक और किसान किसी तरह अपनी जान बचाकर खेत से बाहर निकले। जबकि ग्रामीणों ने बाल्टी, पानी और बालू की मदद से आग बुझाने की भरसक कोशिश की, पर नाकाम रहे और दोनों मशीनें एवं धान का ढेर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इस हादसे में किसान सकिर अंसारी का करीब 50 हजार रुपये का धान और पुआल जल गया। जबकि ट्रैक्टर और थ्रेसर मालिक नसीम अंसारी को लाखों रुपये की क्षति हुई है।

## रेलवे साइडिंग टाइम ऑफिस से जीआइ शीट चोरी

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** इन दिनों सेल परिसर में चोरों का आतंक बढ़ा हुई है। चोरों ने सेल के रेलवे साइडिंग टाईम ऑफिस से जीआई शीट चोरी कर ली है। पर हैरत की बात है कि सेल प्रबंधन को घटना की भनक तक नहीं लगी। इस संबंध में जब सेल अधिकारी बुलू दीगल से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। जांच के बाद थाना में सनहा दर्ज कराया जाएगा। बताते चलें कि करीब 10 दिन पहले भी चोरों ने सेल परिसर स्थित दो बंद दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से सेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## जनजातीय समाज को भाजपा ने दिया है सम्मान : हरे कृष्णा सिंह



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाये जाने को लेकर भाजपा ने गुरुवार को पिंडरा स्थित जिला कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। जिसमें मनिका के पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह ने कहा कि जनजातीय समाज को भाजपा ने सम्मान दिया है। बिरसा मुंडा जयंती पर देश पूर्व प्रधानमंत्री भरत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिया। कहा कि जनजातीय समाज के उत्थान के लिए भाजपा अनवरत काम कर रही है। दूसरे पार्टी के लोगों ने जनजातीय समाज का केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस्तेमाल किया, लेकिन भाजपा ने सम्मान दिया है। बिरसा मुंडा जयंती पर भाजपा कार्यकर्ता जगह-जगह बड़े पैमाने पर कई कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलीहातू में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है, जिसके बाद से पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। वहीं, भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस पर गढ़वा जिले में महापुरुषों की प्रतिमा की साफ-सफाई, पुष्पांजलि एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर भाजपा नेता विनय चौबे, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि अमित तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी शुभम गुप्ता, आईटी सेल अभिषेक गुप्ता आदि मौजूद थे।

## बीडीएसयू में नये विद्यार्थियों का किया गया स्वागत

# समाज में शिक्षक का महत्व आदिकाल से ही रहा है महत्वपूर्ण : दिनेश प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बीएड सत्र 2025-27 एवं डीएलएड सत्र 2025-27 के प्रशिक्षु छात्रों के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलपति प्रो (डॉ) एमके सिंह एवं अतिथि के रूप में कुलसचिव प्रो (डॉ) अजय भूषण प्रसाद आदि शामिल रहे। इनके अलावा विभिन्न महाविद्यालय के प्राचार्य एवं पदाधिकारियों में डॉ अरविंद सिंह, डॉ मरियम्मा जकारिया, डॉ मनीष दुबे, डॉ पंकज कुमार, डॉ केशवेंद्र तिवारी, डॉ राजन, प्रवीण सिंह, राकेश कुमार सिंह, किरण श्रीवास्तव, दिव्या तिरु, पंकज सिन्हा, अरविंद दुबे, शंभू राम आदि भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने सभी नए छात्र-छात्राओं को कहा कि आप सबों ने एक चुनौती पूर्ण कार्य को चुना है। समाज में शिक्षक का महत्व आदिकाल से ही महत्वपूर्ण रहा है। इसे व्यवसाय के रूप में चुनने के लिए बहुत ही हिम्मत और धैर्य की जरूरत है। वहीं, विश्वविद्यालय के कुलपति ने बच्चों को शिक्षक प्रशिक्षण में नामांकन लेने के लिए धन्यवाद दिया। बताया कि शिक्षक का पद देवी-देवताओं से भी ऊपर माना गया है, क्योंकि यह भौतिक रूप से हमेशा हमारे समक्ष होते हैं। वहीं, कुलसचिव ने लघु कथा के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने सभी नए नामांकित प्रशिक्षुओं का स्वागत और अभिनंदन किया और उन्हें नियमित कक्षा में उपस्थित रहने, एक बेहतर शिक्षक बनने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मंच संचालन बीएड 2024-26 के प्रशिक्षु माजिद एवं शिवानी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीएड 2024-26 एवं डीएलएड 2024-26 के प्रशिक्षुओं ने भरपूर साथ दिया। इस मौके पर डॉ मनोज कुमार, शशिकांत सिंह यादव, आनंद चौबे, सतीश बिंद, रेखा कुमारी, सुप्रिया, नेहा, रुखसार, नवीन, कर मनी, देवानंद, शाहिद, नसरीन और शैली आदि उपस्थित रहे।


**समाहरणालय, कोडरमा**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
E-mail:- sportskoderma17@gmail.com

**आवश्यक सूचना-''पे एण्ड प्ले'' योजना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिलान्तर्गत जिला खेल कार्यालय, कोडरमा द्वारा जिला स्तरीय खेल सुविधाओं के प्रभावी उपयोग, रखरखाव एवं आम नागरिकों को खेल गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से इण्डोर स्टेडियम, बाघीटांड़, कोडरमा में "Pay and Play" योजना के अंतर्गत इस कार्यालय के ज्ञापांक 306/खे0 दिनांक 14.10.2025 के द्वारा प्रकाशित पे-एण्ड प्ले'' योजना के संचालन से संबंधित नियम, निदेश एवं शर्ते यथावत् रखते हुए बैडमिंटन, जिम के अतिरिक्त बिलियर्ड बोर्ड, टेबुल टेनिस एवं शतरंज की व्यवस्था की जा रही है।

1. संचालन समय :– सुविधा का नाम
- प्रातःकालीन समय • सायंकालीन समय
- ➤ बिलियर्ड बोर्ड, टेबुल टेनिस एवं शतरंज
- प्रातः 05:00 बजे से 09:00 बजे तक • सायं 04:00 बजे से 09:30बजे तक

2. छात्र/छात्राओं, खिलाड़ियों एवं महिला सदस्यों के लिए 20% रियायत देय होगी।

1. सदस्तयता एवं पंजीकरण :–
(क) निबंधन शुल्क 200/– (दो सौ) रू0 मात्र होगा एवं खेलवार सदस्यता शुल्क निम्नवत् होगाः–

| क्र० | खेल का नाम | 15 दिन | मासिक | तिमाही | छमाही | वार्षिक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बिलियर्ड बोर्ड | 250 | 500 | 1500 | 3000 | 6000 |
| 2. | टेबुल टेनिस | 150 | 300 | 900 | 1800 | 3600 |
| 3. | शतरंज | 150 | 300 | 900 | 1800 | 3600 |

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी
कोडरमा

PR 365963 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (25-26)_D



**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, चतरा**
**पता–ब्लॉक कैम्पस, सदर अस्पताल रोड**
**थाना+जिला–चतरा, पिन–825401**
**Email Id- mdmchatradse@gmail.com**
**Phone No.- 06541-296111**

**आवश्यक–सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड कर्मचारी चयन अयोग के विज्ञापन सं0–13/2023 के आलोक में सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025 एवं ज्ञापांक 1504 दिनांक 31.07.2025 में दिए गए निदेशानुसार झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आधार पर इण्टरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 1 से 5, पारा/गैर पारा कोटि) के कुल–13 सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची एवं काउंसिलिंग हेतु तैयार जाँच–पत्रक जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.chatra.nic.in** पर अपलोड कर दी गई है। उक्त 13 सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग दिनांक 14.11.2025 को समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक डी0 आर0 डी0 ए0 हॉल, चतरा में निर्धारित की गई है। अनुशंसित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर काउंसिलिंग में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

उक्त काउंसिलिंग कार्य उपायुक्त, चतरा के द्वारा नामित नोडल पदाधिकारी– अनुमण्डल पदाधिकारी, चतरा की निगरानी में संपन्न किया जायेगा।

1. अनुशंसित अभ्यर्थी काउंसिलिंग हेतु तैयार जाँच–पत्रक (जो अभ्यर्थी के द्वारा स्वयं भरकर काउंसिलिंग के समय जाँच दल को समर्पित करना है) को अपने हस्तलिपि में भरकर (जहाँ विहित हो, छोड़कर हिन्दी अथवा English में भरें) तथा आवेदन के समय संलग्न किए गए अपने सभी संबंधित मूल प्रमाण–पत्र यथा शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक एवं संबंधित अन्य प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति, दो सेट स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति तथा चार पासपोर्ट साईज का Black & White फोटो (एक स्वअभिप्रमाणित फोटो जाँच–पत्रक पर चिपकायें एवं तीन अतिरिक्त प्रतियां संलग्न करें) कभर फाईल (दो प्रति) में काउंसिलिंग के समय उपलब्ध करायेंगे।
2. अनुशंसित अभ्यर्थी फोल्डर फाईल के ऊपरी भाग में साफ–साफ बड़े अक्षरों में अपना नाम, पिता का नाम, रजिस्ट्रेशन संख्या, कोटि एवं मोबाईल नम्बर आवश्यक रूप से अंकित करेंगे।
3. अनुशंसित अभ्यर्थी काउंसिलिंग से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करना चाहें, तो कार्यालय में गठित हेल्पलाईन प्रकोष्ठ के कर्मी जिनका मोबाईल संख्या–7004065049 एवं 9973708001 है, पर संपर्क कर सकते हैं।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी,
चतरा

PR 365947 (School Education and Literacy)25-26*D

# सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की जरूरत

पाकिस्तान के शासकों ने अपना भारत विरोधी एजेंडा जारी रखा हुआ है और वे सीमा पार से लगातार अपने पाले हुए आतंकवादियों के जरिए भारत में तबाही का सामान भिजवा रहे हैं। इसी कड़ी में सुरक्षा बलों ने 10 नवंबर को देश के विभिन्न भागों से 8 संदिग्धों को गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में तबाही का सामान बरामद किया है और इनमें डॉ मुजम्मिल गनी सहित 7 कश्मीर से हैं और डॉ शाहीन लखनऊ से संबंध रखता है, जिन्हें पूछताछ के लिए श्रीनगर लाया गया है। मुजम्मिल गनी श्रीनगर में जैश-ए-मोहम्मद के समर्थन में पोस्टर लगाने के मामले में भी वांछित था। अधिकारियों का दावा है कि मुजम्मिल गनी और अनंतनाग से गिरफ्तार डॉ आदिल अहमद राथर के फोन पर कई पाकिस्तानी नंबर पाये गये हैं और वे नेटवर्क के संभावित हैंडलर हो सकते हैं। आतंकवाद के विरुद्ध यह एक बड़ी सफलता है, जिसमें पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी माड्यूल का भांडाफोड़ किया है। इससे एक ही दिन पहले 9 नवंबर को गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते ने हथियारों व विभिन्न कैमिकल्स से देश के विभिन्न भागों में बड़ा आतंकी हमला करने की साजिश रच रहे चीन से एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने वाले डॉ अहमद मोहियुद्दीन सैयद सहित 3 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था। उन्होंने साइनाइड से भी अधिक खतरनाक जहर रिसिन से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रची थी। अन्य आरोपी आजाद सुलेमान शेख और मोहम्मद सुहैल दोनों उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। इन्होंने राजस्थान के हनुमानगढ़ से हथियार हासिल करके डॉ अहमद मोहियुद्दीन सैयद को सौंपे थे। आरोपियों के अनुसार उनका आका उन्हें पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हथियार भेजता है। हालांकि सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादियों की साजिशों को लगातार नाकाम किया जा रहा है, परंतु इन कोशिशों में और तेजी लाने की जरूरत है, क्योंकि जितने बड़े पैमाने पर शत्रु भारत में तबाही मचाने पर उतारू दिखाई देते हैं, उसे देखते हुए देश के दुश्मनों के विरुद्ध कार्रवाई में जरा सी चूक भी महंगी पड़ सकती है। इसी बीच राजधानी दिल्ली में शाम के 6.55 बजे के लगभग लाल किला मैट्रो स्टेशन के निकट एक कार में हुए एक बम विस्फोट में 13 लोग मारे गये तथा 30 अन्य घायल हो गये हैं, जिन्हें इलाज के लिए लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस बीच कार के मालिक का नाम भी पता चल गया है, जो मोहम्मद सलमान बताया जाता है और कार के रजिस्ट्रेशन नंबर का भी पता चल गया है, जो हरियाणा में पंजीकृत है। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि सरकार को अपनी सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत करने की जरूरत है।

**अधिकारियों का दावा है कि मुजम्मिल गनी और अनंतनाग से गिरफ्तार डॉ आदिल अहमद राथर के फोन पर कई पाकिस्तानी नंबर पाये गये हैं और वे नेटवर्क के संभावित हैंडलर हो सकते हैं।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**आदिवासी मामलो के मंत्रालय द्वारा स्थापित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय आदिवासी वर्ग के विद्यार्थियों को बेहद गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करते हैं। ये विद्यालय आदिवासी बच्चो को उच्च और पेशेवर शिक्षा में बड़े अवसर देने के साथ साथ अनेकानेक क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करते हैं। गौरतलब है समूचे देश में 485 एकलव्य आवासीय विद्यालय कार्यरत हैं, जिसमे वर्ष 2024-25 में करीब 1,38,336 छात्र नामांकित हैं।**

# एकलव्य स्कूल के 597 बच्चे देश की कठिनतम परीक्षाओं में सफल

**पीआइबी**

भारत के दूरदराज आदिवासी गावों में अवस्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (इएमआरएस) ने एक बड़ा कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्ष 2024-25 में इन स्कूलों के करीब 597 छात्रों ने देश की अत्यंत प्रतियोगी मानी जाने वाली जेइइ मेन और जेइइ एडवांस तथा नीट की परीक्षा में रिकार्ड सफलता हासिल की है। यह एक बड़ी उछाल है, क्योंकि इन स्कूलों से उपरोक्त परीक्षाओं में सफल होने वाले छात्रों की संख्या वर्ष 2022-23 में केवल 2 हुआ करती थी। इन स्कूलों की यह उपलब्धि इस बात को दशार्ती है की कैसे लक्ष्य आधारित शिक्षा के प्रसार के जरिये भारत की अत्यंत उपेक्षित आदिवासी जनजातियों के जीवन में बदलाव और उन्हें बेहतर अवसर प्रदान किया जा सकता है। गौरतलब है की बारहवीं क्लास तक शिक्षा प्रदान करने वाले देश के कुल 230 एकलव्य आदर्श विद्यालयों मे 101 विद्यालयों के छात्रों ने उपरोक्त परीक्षाओं में यह सफलता हासिल की है। इसमें एक उदाहरण हिमाचल प्रदेश की बसपा घाटी के सांगला गांव के जतिन नेगी का है। इस आदिवासी छात्र ने हिमालय इलाके के गांव की कपकपाती ठंड और बिजली आपूर्ति के अभाव के बावजूद जेइइ एडवांस उत्तीर्ण कर आल इंडिया रैंकिंग में 421वां स्थान हासिल किया। अभी यह लड़का आइआइटी जोधपुर का छात्र है। इसी तरह दूसरा उदाहरण गुजरात के खपाटिया गांव की लड़की पदवी ऊर्जस्वी बेन अमृतभाई का है, इस लड़की ने प्रदेश के बरटांड़ स्थित एकलव्य विद्यालय में पढ़कर नीट की परीक्षा उत्त्तीर्ण की। यह लड़की जूनागढ़ स्थित जीएमईआरएस मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल से एमबीबीएस कर रही है। यानी इसका डॉक्टर बनने का सपना जल्द ही साकार हो जायेगा।

**जतिन नेगी इन कई छात्रों में एक है जिसे इस शैक्षणिक सुविधा से काफी लाभ मिला।**



### एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल

आदिवासी मामलो के मंत्रालय द्वारा स्थापित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय आदिवासी वर्ग के विद्यार्थियों को बेहद गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करते हैं। ये विद्यालय आदिवासी बच्चो को उच्च और पेशेवर शिक्षा में बड़े अवसर देने के साथ साथ अनेकानेक क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करते हैं। गौरतलब है समूचे देश में 485 एकलव्य आवासीय विद्यालय कार्यरत हैं जिसमे वर्ष 2024-25 में करीब 1,38,336 छात्र नामांकित हैं। वैसे देश में एकलव्य विद्यालय की कुल स्वीकृत संख्या 722 है जिसके लिए कुल 68,418 लाख रुपये का कोष जारी किया गया है।

### एकलव्य विद्यालय के विकास से हासिल परिणाम

जतिन नेगी इन कई छात्रों में एक है जिसे इस शैक्षणिक सुविधा से काफी लाभ मिला। इसने 2017 में जब नीचर स्थित एकलव्य विद्यालय में एडमिशन लिया तो वह कक्षा 6 का छात्र था। सुदूर इलाके में रहने वाले जतिन नेगी की पढाई जाड़े के महीनो में जब भारी बर्फबारी होती थी तो उससे लगातार बाधित होती रहती थी. जतिन नेगी बताता है की इस दौरान उसके गांव में दो दो महीने के लिए बिजली गायब हो जाती थी तब रात में सोलर लैंप के प्रकाश में पढाई करना पड़ता था। इस दौरान बाहरी दुनिया से लोगो के संपर्क का एकमात्र माध्यम बस स्टेशन पर स्थित पब्लिक माइक्रोफोन हुआ करता था।

नेगी एकलव्य विद्यालय के छात्रावास में रहकर अपने शिक्षक से गाइडेंस पाकर अपने स्कूल रुटीन को व्यवस्थित किया। वह बताता है की मुझे धीरे धीरे यह पता चला की यह पूरी दुनिया कैसे कैसे चलती है। नेगी ने एकलव्य विद्यालय में पढाई के प्रति अपनी रूचि विकसित की। स्कूल के शिक्षको ने नेगी और अन्य छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं का सामना करने के लिए मानसिक रूप से तैयार किया। नेगी बताते हैं की बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने के परम्परागत तरीके अपनाने के बजाये उनके शिक्षकों ने प्रतियोगी परीक्षा की मनोवृति विकसित की। नेगी बताते हैं हमें अपनी क्षमता और तैयारी की ग्रेडिंग और अंक का पूरा ब्योरा दिया जाता था। इससे हमारी क्षमता निरंतर उन्नत होती चली गयी। इस पर हमारी निरंतर और अनुशासित तरीके से की गयी तैयारी से हमारे सीखने का दायरा बढ़ता गया।

नेगी के पिता तभी गुजर गए जब वह बारहवीं कक्षा में था। पिता की मृत्यु के बाद नेगी सदमे में चला गया था। इससे उसकी पढाई प्रभावित हुई पर पढाई में अच्छा करने के लिए उसे संघर्ष करना पड़ा। एकलव्य स्कूल के शिक्षकों ने नेगी को उसकी परेशानी से उबरने में काफी मदद की। नेगी ने साल 2025 की परीक्षा में बैठने के लिए एक साल अपने को ड्रॉप कर अपने को पढाई में पूरा फोकस किया और अंततः 2025 की परीक्षा पास कर ली। नेगी बताते हैं की घर पर मुश्किल परिस्थिति के बावजूद अपनी पढाई पर वह एकाग्रचित रहा। सुबह छह बजे नाश्ता लेकर पूरे दिन पढाई करता था और रात को 2 बजे सोने के लिए जाता था। नेगी बताते हैं की यही मेरा रोज का रूटीन था। जब भी मुझे कोई संदेह होता था अपने टीचर से पूछता था।

जब नेगी ने इंजीनियरिंग की यह कठिन परीक्षा पास की और आल इंडिया 421 रैंक लाया तब उसका सारा परिवार और समुदाय के लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। नेगी बताते हैं कि इसके समुदाय के अधिकतर लोगों ने यहाँ तक कि आइआइटी का नाम भी नहीं सुना था। नेगी का कहना है कि उसकी इस सफलता से सभी समुदाय के लोगो को अपने सपनों को कैसे अंजाम दिए जाये, इस बात की प्रेरणा मिलेगी। जब इस तरह के उपेक्षित समुदाय से एक व्यक्ति सफल होता है तो दूसरे उससे प्रेरित होते है, सीखते हैं और खुद कठोर मेहनत करने का अपने आप में जज्बा पैदा करते हैं।

पदवी उर्जस्विबेन अमृतभाई भी कड़ी मेहनत में विश्वास करती है। गुजरात के खपटिया नामक एक छोटे से गांव की यह लड़की दो बहनों में से एक है। । वह कहती है की मेरे गांव वाले मेरे माँ बाप को कहते थे की तुम्हे कोई बेटा नहीं है, आखिर तुम्हारी बेटियां क्या कर पाएंगी?

अमृतभाई बताती है की नॉन गुजराती माध्यम से पढाई करने में उसे काफी संघर्ष करना पड़ा। पर सौभाग्य से एकलव्य विद्यालय के शिक्षकों से उसे सहायता मिली। शिक्षकों ने उसका लगातार उत्साहवर्धन किया। जब इस लड़की ने नीट की परीक्षा में 11926 वा रैंक हासिल किया तो उसमें इस बात का भरोसा जगा की कि शिक्षा और कड़ी मेहनत से किसी में कुछ भी बदलाव लाया जा सकता है।

**एकलव्य विद्यालयों के जरिये विशेष शैक्षिक सहायता :** आदिवासी छात्रों के लिए गठित राष्ट्रीय शैक्षिक सोसाइटी (एनईएसटीएस) जो आदिवासी मामलो के मंत्रालय के तहत कार्यरत एक स्वायत्त संस्था है। इस संस्था को एकलव्य विद्यालयों के संचालन, प्रबंधन और आदिवासी छात्रों के लिए बनायी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा राज्य स्तर पर एकलव्य आदर्श विद्यालय सोसाइटी के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए बनाया गया है।

## कोल्हान की खबरें

### गोविंदपुर में महिला से छिनतई का आरोपी गिरफ्तार, हत्या के मामले में जा चुका है जेल



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। गोविंदपुर थाना क्षेत्र के घोड़ाबांधा में 73 वर्षीय रिटायर शिक्षिका रीता दत्ता से 54 हजार रुपये की छिनतई के मामले में गुरुवार को पुलिस ने आरोपी त्रिलोक कुमार ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बिरसानगर जोन नंबर 2 का निवासी है। वे 2020 में सिदगोड़ा थाने से हत्या के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी के पास से 40,100 रुपये नकद, एक लेडिज पर्स, आधार कार्ड, वोटर कार्ड की प्रति, मोबाइल फोन और छिनतई में प्रयुक्त बाइक बरामद कर लिया। गुप्त सूचना पर पुलिस ने तातापाथर चौक के पास जंगल से आरोपी को पकड़ा और लुआबासा पुल के नीचे से छिनतई की बैग बरामद की, जिसमें 1600 रुपये मिले। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी टीम में सिटी डीएसपी सुनील चौधरी, थानेदार पवन कुमार, एसआइ चंद्रशेखर पिंगुवा, सर्वजीत कुमार और एएसआई रविशंकर कुमार शामिल रहे।

### गुवा रेलवे साइडिंग विस्तार कार्य का डीआरएम ने किया निरीक्षण, ठेकेदार पर कार्रवाई के निर्देश



गुवा (आजाद सिपाही)। चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम तरुण हरिया ने गुवा रेलवे स्टेशन पहुंचकर साइडिंग विस्तारीकरण कार्य का निरीक्षण किया।गुरुवार को निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने ठेकेदार पर निर्माण कार्य में अनियमितता और मजदूरों को भुगतान में देरी की शिकायत की।नोवामुंडी जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी, मुखिया चांदमनी लागुरी और पद्मिनी लागुरी ने बताया दिवाकर इंजीनियर वर्क्स द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा लेकिन दो माह से मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है। इस पर डीआरएम ने निर्देश दिया यदि भुगतान नहीं किया गया तो ठेकेदार पर कानूनी कार्रवाई की जाए।समाजसेवी मुन्ना राउत ने रेल सेवाओं में सुधार की मांग करते हुए हावड़ा बड़बिल जनशताब्दी की लेटलतीफी, टाटानगर गुवा डीएमयू ट्रेन की अनियमितता, बड़ा जामदा फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण और गुवा रांची रेल सेवा शुरू करने की अपील की। डीआरएम ने इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### मतगणना दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

# पारदर्शिता और सुरक्षा पर विशेष जोर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी कर्ण सत्यार्थी और एसएसपी पीयूष पांडेय की अध्यक्षता में मतगणना दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। गुरुवार को बैठक में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अक्षरशः पालन एवं मतगणना की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

डीसी श्री सत्यार्थी ने कहा मतगणना कार्य पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हो, इसके लिए सभी तैयारियां समय पर पूरी की जायें। उन्होंने प्रत्येक मतगणना टेबल पर प्रशिक्षित कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, पर्यवेक्षकों की उपस्थिति, वीडियोग्राफी एवं नियंत्रण कक्ष से सतत निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। स्ट्रॉन्ग रूम से इवीएम की निकासी, मतगणना की क्रमिक प्रक्रिया एवं राउंडवार परिणाम संप्रेषण की व्यवस्था पर विशेष बल दिया गया। पोस्टल बैलेट और इटीबीपीएस मतों की गणना के दौरान आयोग द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के कड़ाई से पालन के निर्देश दिये। साथ ही पर्याप्त प्रकाश, संचार सुविधा एवं नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया ताकि गणना प्रक्रिया निर्बाध रूप से संपन्न हो सके।

एसएसपी श्री पांडेय ने को-ऑपरेटिव कॉलेज स्थित मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा बिना वैध पास के किसी को भी परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। बैठक में सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) भगीरथ प्रसाद, निवार्ची पदाधिकारी घाटशिला सुनील चंद्र, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जेल चौक के पास दो कार की आमने-सामने टक्कर, तीन घायल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** साकची जेल चौक के पास दो कार की आमने सामने टक्कर के दौरान सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए।बताया जारहा है गुरुवार को एग्रिको निवासी मोहित शर्मा अपनी पत्नी के साथ पुराने कोर्ट रोड से जेल चौक की ओर जा रहे थे। उस दौरान तेज रफ्तार बंगाल नंबर की टाटा टियागो कार ने उनकी कार को सामने से टक्कर मार दी।हादसे में मोहित शर्मा की पत्नी, दूसरी कार में सवार एक महिला और युवक घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को टीएमएच में भर्ती कराया गया, जबकि मोहित शर्मा की पत्नी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दोनों कारों के एयरबैग खुल गए और आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे से जेल चौक पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बनी रही, जिसे पुलिस ने नियंत्रित किया।स्थानीय लोगों ने चौक पर तेज रफ्तार वाहनों पर रोक लगाने की मांग की।

### कांड्रा में एंटी क्राइम चेकिंग वाहनों से हटवायी काली फिल्म



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांड्रा।** कांड्रा पुलिस ने गुरुवार को एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरार चार पहिया वाहनों के शीशों पर लगी काली फिल्म हटवाई। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गयी। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। कांड्रा थाना प्रभारी विनोद मुर्मू ने बताया अभियान लगातार जारी रहेगा। वाहनों में काले शीशे, ड्रिंक एंड ड्राइव और जरूरी कागजातों की जांच नियमित रूप से की जायेगी। उन्होंने कहा काली फिल्म का उपयोग अक्सर अपराधी अपनी पहचान छिपाने के लिए करते हैं, इसलिए इस पर सख्त कार्रवाई जरूरी है।

पुलिस का कहना है यह कार्रवाई जिले में कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की दिशा में प्रभावी कदम है।

### वरिष्ठ पत्रकार सुजीत के स्वास्थ्य में सुधार प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने की मुलाकात



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष मनोज सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अकबर और घाटशिला जिला परिषद सदस्य कर्ण सिंह सहित अन्य पत्रकारों ने वरिष्ठ पत्रकार सुजीत कुमार से मुलाकात की। गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार सुजीत कुमार के स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है। चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। मुलाकात के दौरान प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सभी ने सुजीत कुमार के पूर्ण स्वस्थ होने की प्रार्थना की। मौके पर प्रेस क्लब के कई अन्य पत्रकार भी शामिल रहे।

### गम्हरिया आगजनी की जांच में पहुंची रांची की टीम, अधिकारियों पर लगे आरोप



गम्हरिया (आजाद सिपाही)। गम्हरिया ब्लॉक स्थित जीएसएफसी गोदाम में बीते दिनों लगी आग में दो लोगो की मौत के मामले में रांची से उपनिदेशक सुधीर कुमार और वरीय अधिकारी रजनीश कुमार की टीम जांच में पहुंची। गुरुवार को जांच के दौरान सरायकेला डीएसओ, एएमओ, मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी शामिल रहे। टीम ने निरीक्षण में पाया गोदाम में रखा अधिकांश अनाज जल चुका है, जबकि बचा हुआ अनाज आग बुझाने के दौरान खराब हो गया। तकनीकी टीम को नमूने जांच के लिए भेजे जाएंगे, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि अनाज मानव उपभोग के योग्य है या नहीं। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं भोला तिवारी, राजू सिंह सहित कुछ वरीय अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाये गये हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है।

### चाईबासा में अवैध शराब की मिनी फैक्ट्री ध्वस्त, 20 लाख से अधिक की शराब जब्त



चाईबासा (आजाद सिपाही)। पश्चिम सिंहभूम जिले के झींकपानी थाना क्षेत्र स्थित चडाबासा गांव में उत्पाद विभाग ने गुरुवार तड़के छापामारी कर अवैध शराब की मिनी फैक्ट्री का खुलासा कर दिया। कार्रवाई में 101 पेटी तैयार शराब, 500 लीटर स्प्रिट, हजारों खाली बोतलें, ढक्कन और रैपर बरामद किया गया।उत्पाद आयुक्त अरविंद कुमार ने बताया जब्त शराब की बाजार कीमत लगभग 20 से 22 लाख रुपये आंकी गयी है। छापामारी के दौरान आरोपी मनोज साहनी और हरीश बेहरा फरार हो गये। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। विभाग ने कहा जिले में अवैध शराब कारोबार को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं जायेगा।

## परम पूज्य महाराज प्रदीप मिश्रा के आगमन पर आजसू नेता ध्रुव ने किया स्वागत



मधुपुर/ देवघर (आजाद सिपाही)। बाबा धाम देवघर आगमन के क्रम में परम पूज्य कथा वाचक महाराज प्रदीप मिश्रा के बाबा धाम मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता ध्रुव प्रसाद ने महाराज प्रदीप मिश्रा का फूल-मालाओं और अंगवस्त्र देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। महाराज प्रदीप मिश्रा ने बाबा बैद्यनाथ के दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। उनके आगमन से मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर आजसू कार्यकर्ताओं और स्थानीय श्रद्धालुओं ने 'हर हर महादेव' के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर ध्रुव प्रसाद ने कहा कि महाराज प्रदीप मिश्रा जैसे संत का बाबा नगरी आगमन देवघर और आसपास के लोगों के लिए सौभाग्य की बात है। उनके प्रवचन से लोगों में धार्मिक चेतना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### सांसद खेल महोत्सव के तहत सांसद ने किया विभिन्न खेलों का उद्घाटन

## खेल के क्षेत्र में भी युवाओं के लिए हैं असीमित संभावनायें : वीडी राम

**सांसद खेल महोत्सव विभिन्न विधानसभाओं में 25 दिसंबर तक आयोजित होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने सांसद खेल महोत्सव के तहत जीएलए कॉलेज के मैदान में आयोजित होने वाले विभिन्न खेलों वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी आदि जैसे महत्वपूर्ण खेलों का उद्घाटन किया और सभी टीम के खिलाड़ियों से बारी-बारी से हाथ मिलाते हुए उनके हौसलों को बढ़ाया। मौके पर सांसद ने आकांक्षी जिलों में गिने जाने वाले अपने संसदीय क्षेत्र अंतर्गत क्रमशः पलामू और गढ़वा जिलों के खिलाड़ियों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को देखते हुए गदगद भी नजर आये। दर्शक दीघा में बैठ कर खेल का लुफ्त उठाते हुए



सांसद श्रीराम ने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस जरूरत है उनके अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखारने और उचित प्लेटफार्म प्रदान करने के लिए किसी मौके कि जो सांसद खेल महोत्सव के तहत आज के युवाओं को प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री के दूरदर्शी सोच का ही नतीजा है कि सभी सांसदों को अपने संसदीय क्षेत्र में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने के लिए खिलाड़ियों को उचित प्लेटफार्म मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वो जमाना अब लद गया, जब लोगों का कहना था कि 'पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे तो बनोगे खराब'।

सांसद श्रीराम ने कहा किखेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने, सामरिकता का अभ्यास करने और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव विभिन्न विधानसभाओं में 25 दिसंबर तक आयोजित होगी, जहां प्रखंड और विधानसभा स्तरीय खिलाड़ियों को जीत के बाद जिले में खेलने का अवसर प्राप्त होगा और जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर भी खेल का अवसर प्रदान किया जायेगा। बताते चलें कि पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न खेलों के लिए कुल 12208 खिलाड़ियों और प्रतिभागियों ने अपना रजिस्ट्रेशन सांसद खेल महोत्सव के तहत सफलता पूर्वक किया है। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल सिंह, भाजपा की वरिष्ठ नेत्री स्मिता आनंद, चेतन चौहान, ईश्वरी पांडेय, भोला पांडेय, मुरारी पांडेय, संसद के निजी सचिव अलख दुबे, कौशल झा समेत विभिन्न खेलों के कोच, कप्तान और पदाधिकारीगण आदि मौजूद थे।

### 29 वर्ष बाद बूढ़ी आंखों में जगी न्याय की आस

## कोर्ट ने देवघर जल संसाधन विभाग कार्यालय को किया सील, कहा-पहले भुगतान फिर काम

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** लगभग 29 वर्षों से न्याय की आस लगाये बैठे निविदा कर्मियों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। देवघर स्थित जल संसाधन विभाग कार्यालय को कोर्ट के आदेश पर सील कर दिया गया है। अदालत ने अपने कड़े रुख में कहा है कि जब तक निविदा कर्मियों का पूरा बकाया भुगतान नहीं किया जाता, तब तक विभागीय कार्यालय बंद रहेगा। यह मामला वर्ष 1996 का है, जब जल संसाधन विभाग के कई कर्मियों को बिना किसी कारण बताये हटा दिया गया था। इसके



जल संसाधन विभाग कार्यालय के गेट पर लगा ताला।

बाद से ही ये कर्मी अपने न्याय और बकाया वेतन की लड़ाई लड़ रहे थे। वर्ष 2014 में कोर्ट ने इन कर्मियों को भुगतान करने का आदेश दिया था, लेकिन 11 वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक भुगतान नहीं किया गया। अंततः, आज कोर्ट ने विभाग की उदासीनता पर सख्त रुख अपनाते हुए कार्यालय को तालाबंद करने का निर्देश दिया। कोर्ट कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर सभी अधिकारी एवं स्टाफ को कार्यालय से बाहर निकलवाया और सील लगा दी। बताया जा रहा है कि इन 29 वर्षों में कई कर्मचारी अब इस दुनिया में नहीं रहे, जबकि कुछ की बूढ़ी आंखों में अब भी न्याय की उम्मीद जीवित थी। आज के फैसले से इन कर्मियों को लंबे इंतजार के बाद न्याय की किरण दिखायी देने लगी है।

### डीएलसीसी बैठक में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा का निर्देश

## बैंक प्रदर्शन सुधारे, नये उद्योग और स्टार्टअप को बढ़ावा दें

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति (DLCC), जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति, आरसेटी सलाहकार समिति एवं पीएमईजीपी से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न बैंकों और विभागों के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों, एलडीएम तथा बैंक प्रतिनिधियों को कार्य योजना बनाकर बैंकिंग प्रदर्शन सुधारने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में नये उद्योगों और स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जाएं, ताकि युवाओं को अधिक रोजगार के अवसर मिल सकें।



उपायुक्त ने जिला नगद जमा अनुपात में सुधार लाने पर बल दिया और बैंकों को कृषि ऋण, शिक्षा ऋण, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएमईजीपी तथा स्वयं सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज प्रदान करने में सक्रियता दिखाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस के सखी समूहों और आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराया जाये, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके। उन्होंने कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि बैंक शाखाओं का स्थल परिवर्तन आमजन की सुविधा को ध्यान में रखकर किया जाये और स्कूली बच्चों को बैंक खाता खोलने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक में उप विकास आयुक्त पियूष सिन्हा, उद्योग महाप्रबंधक, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जियाडा क्षेत्रीय निदेशक, निदेशक आरसेटी, डीपीएम जेएसएलपीएस, विभिन्न बैंकों के अधिकारी एवं विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सिद्धनाथ बीएड कॉलेज जपला में नये सत्र का हुआ शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** सिद्धनाथ बीएड कॉलेज सण्ढ़ा जपला में नवागंतुक प्रशिक्षुओं का नया सत्र 2025 - 27 का शुभारंभ पूर्ण उत्साह एवं हर्षोल्लाह के साथ प्रारम्भ हुआ। इस कार्यक्रम का आरम्भ महाविद्यालय के निदेशक संजय कुमार सिंह उर्फ लड्डू बाबू के द्वारा दीप प्रज्वलन स्वास्ति वाचन के साथ किया गया। इसके उपरान्त प्राचार्य ने सभी प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए शैक्षणिक उपलब्धियों से परिचय कराया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश शर्मा और प्रो प्रमोद कुमार पाण्डेय ने प्रशिक्षुओं को एकादमिक कार्य योजना के बारे में चर्चा किया और बताया कि जब एक शिक्षक तभी समाज का मार्ग दर्शक बन सकता है जब वह स्वंय अनुशासित हो, प्रो उदय भान सिंह प्राध्यापक के द्वारा नियमित रूप से कक्षाओं में अध्ययन पर जोर दिया गया। अशोक कुमार यादव द्वारा परीक्षा सम्बधी बातो को बताया तथा अमित कुमार के द्वारा अनुशासित रहने हेतु सुझाव दिया गया। इस अवसर पर पुस्तकालयध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, लेखाकार मेघनाथ सिंह, सुधीर कुमार, संतोष कुमार पांडेय, निकिल कुमार सिंह समेत सभी बीएड प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## सामूहिक प्रयास से हल होगी पैक्स और किसानों की समस्याएंः कृषि मंत्री

**व्यापार मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री से की मुलाकात**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा के नेतृत्व में गुरुवार को पैक्स अध्यक्ष संघ का एक प्रतिनिधिमंडल रांची पहुंचा और झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री महोदया को लैंप्स, पैक्स और एफपीओ से जुड़े किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाये गये। मंत्री ने सभी बातों को गंभीरता से सुना और समस्याओं के समाधान



कृषि मंत्री के साथ व्यापार मंडल अध्यक्ष।

का भरोसा दिया।

बैठक में प्रमुख रूप से सभी लैंप्स, पैक्स एवं एफपीओ के लिए गोदाम निर्माण, सभी पैक्स को कार्यशील पूंजी देने, धान अधिप्राप्ति कार्य के लिए बैंक गारंटी समाप्त करने, पैक्स एवं एफपीओ को ऑपरेटर रखने की स्वतंत्रता देने, धान अधिप्राप्ति कार्य के एवज में बकाया कमीशन शीघ्र भुगतान करने, तथा प्रत्येक जिले में कोऑपरेटिव बैंक की शाखाएं खोलने की मांग की गयी।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और सहकारी संस्थाओं के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पैक्स और एफपीओ कृषि तंत्र की रीढ़ हैं, और इनके सशक्तिकरण से ही किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। प्रतिनिधिमंडल में विवेकानंद त्रिपाठी, मुकेश कुमार सिंह, अरविंद सिंह, अमलेश सिंह, संजय पाठक और शैलेंद्र चौरसिया शामिल रहे। मुलाकात के बाद जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने बताया कि मंत्री ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया है कि जल्द ही ठोस पहल की जायेगी ताकि किसानों को राहत मिल सके।

## हरिहरगंज में खुला जेंडर रिसोर्स सेंटर, हिंसा की शिकार महिलाओं को मिलेगी मदद

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड की महिलाओं को अब न्याय और सहयोग के लिए दर-दर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा की रोकथाम और पीड़िताओं को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय के बगल में जेंडर रिसोर्स सेंटर (गरिमा केंद्र) का शुभारंभ किया गया।

मौके पर बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने बताया कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले घरेलू हिंसा, डायन उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न, मानव तस्करी, बाल विवाह और महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा व संरक्षा को प्रभावित करने वाली हिंसा के किसी भी अन्य रूप सहित स्त्री हिंसा के मामलों के निबटारे में



गरिमा केंद्र का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते बीडीओ।

पीड़िता की मदद करेगी।

मौके पर जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक प्रवीण कुमार ने बताया कि इस सेंटर पर प्रशिक्षण प्राप्त दो पारा लीगल स्वयं सेविकाओं के द्वारा कमजोर और हाशिये पर गुजर-बसर करने वाली महिलाएं विशेष रूप से मौलिक अधिकारों से वंचित और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से बहिष्कृत शिकायतों का समाधान भी सेंटर से किया जायेगा।

इस मौके पर जेएसएलपीएस बीपीएम मुकेश कुमार, एएसआई विनोद कुमार राय, एमओ ब्रजेश कुमार, सपा नेता कमलेश कुमार यादव, जेआरजीबी प्रबंधक राहुल केतरियाल, राजद नेत्री कुशवाहा संगीता, जेएमएम नेता अमित सिंह, सतेंद्र मेहता, सीसी रविकांत कुमार, दिनेश कुमार, ममता कुमारी, धीरेंद्र, आईपीआरपी ममता कुमारी, सरिता कुमारी, जितेंद्र कुमार, जेंडर सीआरपी ममता देवी, सोनाली प्रिया, गूंजा सिंह, कबीता कुमारी, पूनम कुमारी,अंजली कुमारी सहित कई अन्य विभाग अधिकारी मौजूद थे।

## गोपीबांध उच्च विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम



देवघर/सारठ (आजाद सिपाही)। गुरुवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारठ के आदेशानुसार झारखंड राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वेक्टर जनित रोगों जैसे मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जैपनीज इंसेफेलाइटिस और कालाजार आदि बीमारियों के नियंत्रण हेतु उच्च विद्यालय गोपीबांध में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सभी शिक्षकगण, मुकेश कुमार सिंह (एमपीडब्ल्यू), रीता सिंह (पीओसीडी, पीरामल फाउंडेशन) तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर

चैनपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। प्रखंड चैनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में झारखंड का 25 वां स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जहां डीसी समीरा एस ने सर्वप्रथम रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया। मौके पर डीसी ने कहा कि सभी लोगों को रक्त दान करना चाहिए जिससे कि जरूरत मंद लोगों को अस्वस्थ अवस्था में रक्त का उपयोग हो सके और मानव जीवन की रक्षा हो सके। सिविल सर्जन डॉ अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि मानव जीवन की रक्षा करने के लिए सभी स्वस्थ लोगों को रक्त दान करना चाहिए जिससे कि अस्वस्थ लोगों की जन बच सके। चैनपुर सीओ जागो महतो ने भी रक्त दान किया एवं अंचल कार्यालय की कर्मचारी पूनम देवी,निर्मला कुजूर, चौकीदार राम विनय यादव, मोहम्मद जावेद, विशाल कुमार, उमाशंकर राम सहित कई लोगों ने रक्तदान किया।

## हुसैनाबाद को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प, सामूहिक प्रयास से संभवः एसडीओ

**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत हुसैनाबाद में अनुमंडल स्तरीय कार्यशाला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से हुसैनाबाद प्रखंड सभागार में अनुमंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएएस ओमप्रकाश गुप्ता, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, मोहम्मदगंज के सीओ रणवीर कुमार एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर




किया। एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति है, जिससे समाज को मुक्त कराने के लिए सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि कम उम्र में विवाह करने वाले बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से परिपक्व नहीं होते, जिससे उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें स्कूलों, पंचायतों और हाट-बाजारों में नुक्कड़ नाटक और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका सीमा झा, कांति देवी, शोभा कुमारी, किरण कुमारी, महिला थाना के सअनि कामेश्वर राम, बाल संरक्षण इकाई के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविकाएं-सहायिकाएं तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं धर्मगुरुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## ब्लॉक परिसर में लगा नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। स्थानीय ब्लॉक परिसर में गुरुवार को निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धति शरीर और मन दोनों के संतुलन पर आधारित है, जो लोगों को प्राकृतिक तरीके से स्वस्थ रहने की प्रेरणा देती है। शिविर में आयुष चिकित्सक पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी और निशुल्क दवा वितरण किया। इस मौके पर डॉ पूजा कुमारी, युग प्रशिक्षक राजीव, विकास, सहिया मिरालता देवी, अमृता देवी, विकास, धर्मेंद्र, आलमगीर आलम उर्फ टुडे आदि उपस्थित थे।

## अवैध रूप से चलाये जा रहे चिमनी ईंट भट्ठा

**स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत से बेड़मा बभंडी में संचालित है अवैध लोहे की ईंट भट्ठा चिमनी, जिला प्रशासन की कार्रवाई पर उठे सवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़ (पलामू)।** एक ओर जिला प्रशासन अवैध ईंट भट्ठों, पत्थर खनन और बालू उठाव पर सख्ती के दावे कर रहा है, वहीं दूसरी ओर रामगढ़ थाना क्षेत्र के बेड़मा बभंडी पंचायत के चौपरिया गांव में प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध रूप से लोहे की चिमनी वाला ईंट भट्ठा खुलेआम संचालित हो रहा है। जिला टास्क फोर्स की निष्क्रियता



के कारण संचालक कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं और सरकार को लाखों रुपये के राजस्व से वंचित किया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार चौपरिया गांव निवासी सैय्यद अंसारी पिछले दो वर्षों से अवैध रूप से यह ईंट भट्ठा चला रहे हैं। इस भट्ठे में एसएए मार्का ईंट का निर्माण किया जाता है और इसे प्रति आठ से दस हजार रुपये प्रति हजार ईंट के दर से बेचा जा रहा है। अवैध संचालन के बदले स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को प्रतिमाह मोटी रकम दी जाती है, जिसके कारण कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

पर्यावरण विभाग द्वारा लोहे की चिमनी वाले ईंट भट्ठों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है, क्योंकि इससे वायु प्रदूषण में भारी वृद्धि होती है। बावजूद इसके, संचालक पर्यावरणीय नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि ईंट भट्ठे से निकलने वाला धुआं आसपास के खेतों और फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहा है, जिससे उनकी उपज पर बुरा असर पड़ रहा है।

इस पूरे मामले में जिला प्रशासन की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है, क्योंकि बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इधर, इस संबंध में पूछे जाने पर अंचलाधिकारी जागो महतो ने कहा कि उन्हें अब इस भट्ठे की जानकारी मिली है और शीघ्र ही जांच कर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि लोहे की चिमनी वाले ईंट भट्ठे को ध्वस्त किया जायेगा तथा संचालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार के अवैध ईंट भट्ठों पर तत्काल रोक लगाई जाये और दोषी अधिकारियों के खिलाफ भी विभागीय जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मधुपुर में टीबी फोरम का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** अनुमंडलीय अस्पताल मधुपुर में गुरुवार को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी फोरम के गठन को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में दिसंबर 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सभी संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों की टीबी जांच की जायेगी, ताकि संक्रमित पाये जाने पर समय पर इलाज सुनिश्चित हो सके। टीबी मरीजों को निःशुल्क दवा के साथ इलाज अवधि तक पोषण भत्ता के रूप में प्रति माह 1000 रुपये उनके खाते में भेजे जाते हैं। उपाधीक्षक डॉ मो शाहिद ने कहा कि टीबी फोरम के माध्यम



से हर पंचायत को टीबी मुक्त बनाया जायेगा। पदाधिकारियों और कर्मियों द्वारा मरीजों को गोद लेकर छह माह तक पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जायेगा। बैठक में बीडीओ, बीईओ, नगर पार्षद कार्यालय, संवाद, प्रेरणा भारती के प्रतिनिधि डॉ नीलकमल भारद्वाज, डॉ अभिषेक सिद्धार्थ सहित कई अधिकारी और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड विकाश पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, नगर पार्षद कार्यालय, संवाद, प्रेरणा भारती के प्रतिनिधि डॉ नीलकमल भारद्वाज, डॉ अभिषेक सिद्धार्थ, डॉ ओली मित्रा, डॉ लीलावती, कुमार अभिषेक, आलोक नाथ, अविनाश, दामोदर वर्मा, सपन कुमार, साकिर आलम, अजय कुमार दास, रामदेव, चंदन, वरुण आदि उपस्थित थे।

# दो ट्रैक्टरों के बीच भिड़ंत चालक की मौत, दो गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** थाना क्षेत्र के कुम्हारी रामजड़ी डूमर टोली के पास दो ट्रैक्टरों के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रैक्टर पलट गये। इस हादसे में एक ट्रैक्टर चालक की मौत हो गयी। उसकी पहचान बुद्धू उरांव के रूप में हुई है। जबकि इसी हादसे में गंभीर रूप से घायल रोशन उरांव और प्रमोद उरांव अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक बुद्धू उरांव, रोशन और प्रमोद उरांव अपने गांव रामजड़ी डूमर टोली से ट्रैक्टर में धान लेकर कुम्हारी मंडी धान बेचने गए थे। जब वह कुमारी से धान बेचकर लौट रहे थे तभी रामजड़ी डूमर टोली के पास विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही एक अन्य ट्रैक्टर से सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल तीनों को ग्रामीणों की सहायता से बसिया रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान बुद्धू उरांव की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल रोशन उरांव को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## बाइक से अनियंत्रित होकर गिरे युवक की मौत, एक गंभीर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के कामडारा थाना अंतर्गत कुम्हारी के समीप मोड़ पर अनियंत्रित होकर गिरने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। उसकी पहचान पहाड़ गांव निवासी सुखदेव सिंह (20) के रूप में हुई है। जबकि इसी हादसे में पीपी गांव निवासी फिलियन सुरीन (18) नामक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक दोनों युवक बुधवार की रात आर्केस्ट्रा देखने कुम्हारी गांव गए थे। देर रात करीब एक बजे बाइक से दोनों अपने घर लौट रहे थे। तभी कुम्हारी के समीप मोड़ में उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गयी। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से आ रहे उनके दोस्त ने दोनों को तुरंत कोनबीर अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, गुरुवार अहले सुबह चार बजे दोनों को गुमला अस्पताल लाया जा रहा था, तभी रास्ते में सुखदेव सिंह ने दम तोड़ दिया। सदर अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल फिलियन का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।












## संत पात्रिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन, शामिल हुए जल संसाधन मंत्री

# शिक्षा के बिना जीवन अधूराः हफीजुल हसन

### बच्चों के कला एवं विज्ञान के मॉडल देख जताई खुशी

## गुमला में 100 बेड के अस्पताल निर्माण की घोषणा


संत पात्रिका स्कूल के विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल मंत्री हाफिजूल हसन एवं अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** देश का भविष्य शिक्षा में ही निहित है। शिक्षा के लिए मैं कोई भी कार्यक्रम त्याग सकता हूं। शिक्षा को मैं पहले स्थान पर रखता हूं। क्योंकि बिना शिक्षा के आज के युग में जीवन अधूरा है। उक्त बातें झारखंड के जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने कही। वे गुरुवार को बतौर मुख्य अतिथि गुमला के संत पत्रिक स्कूल के विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कई कार्यक्रम छोड़ कर उन्होंने शिक्षा को प्राथमिकता दी। विद्यालय का निमंत्रण स्वीकार कर, गुमला की ओर अपना कदम बढ़ाया। कार्यक्रम से संतुष्ट होकर कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने एक से बढ़कर एक कला एवं विज्ञान के मॉडल प्रस्तुत किए।

### विज्ञान भवन के निर्माण की घोषणा

संत पत्रिक स्कूल की ओर से विद्यालय में एक विज्ञान भवन निर्माण की मांग की गई थी। जिसे स्वीकार करते हुए उन्होंने घोषणा की कि विज्ञान भवन के साथ बहुत जल्द ही 100 बेड का एक अस्पताल का भी निर्माण कराया जाएगा। इससे पहले विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन बिशप फादर लिनुस पिंगल एक्का, फादर इमैनुएल कुजूर, गुमला विधायक भूषण तिर्की, डीएसइ नूर आलम खान और विद्यालय के प्राचार्य फादर नॉबोर्ड मिंज ने दीप प्रज्वलित किया। इस मौके पर फादर इमैनुएल कुजूर, फादर रंजित खलखो, फादर खुशमन एक्का, फादर मुनसन बिलुंग, फादर नीलम एक्का, फादर डेविड एक्का, फादर राजेंद्र खेस, सिस्टर मंजूषा, सिस्टर सुशीला, सुभाष धनवार, कुणाल कुमार, किशोर तिर्की, इजेकील बड़ा, मनोज कुमार और राजेश ओहदार आदि उपस्थित थे।

## मंत्री हफीजुल हसन से मिला अंजुमन इस्लामिया का प्रतिनिधि मंडल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** अंजुमन इस्लामिया का एक प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को मंत्री हाफिज़ूल हसन से मुलाकात की। अंजुमन ने मंत्री को बताया कि गुमला जिला मुख्यालय में उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल नहीं है। जबकि मदरसा इस्लामिया का भवन काफी खराब स्थिति में है। उसका जीर्णोद्धार जरूरी है। साथ ही उर्दू प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में उर्दू भाषी शिक्षक नहीं हैं। इन सब की व्यवस्था करने की मांग अंजुमन इस्लामिया ने मंत्री से की। इसी बीच गुमला जिला के विभिन्न प्रखंडों से अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारी ने गुमला अंजुमन इस्लामिया की अगुवाई में मंत्री से मुलाकात कर अपने-अपने क्षेत्र की जन समस्याओं को रखा। मौके पर कलीम अख्तर, नगर अध्यक्ष मोहम्मद हसन उर्फ लड्डन, सरवर आलम, शहजाद अनवर, आफताब आलम, लाडले साजिद खान, सलाउद्दीन अंसारी, नुरुल हुदा, मोहम्मद खुर्शीद उर्फ पप्पू, खालिद शाह, इरफान अली, संजय सिंह, रणजीत सिंह, अनवर खान, चैनपुर से शकील खान, रायडीह से जहीरूद्दीन जमाल ताज पंसो से मौलाना उस्मान, सिसई अंजुमन, भरनो अंजुमन, कोटाम अनजुमन, चैनपुर अंजुमन, डुमरी अंजुमन, बिशनपुर बसुआ अंजुमन, टोटो अंजुमन आदि मौजूद थे।

## नाबालिग भाइयों ने दिनदहाड़े की चोरी एक पकड़ाया

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के सदर थाना अंतर्गत टंगरा टोली गांव में गुरुवार को दिनदहाड़े चोरी की एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। गांव के ही दो नाबालिग भाइयों ने मिलकर एक घर में घुसकर मोबाइल चोरी कर ली। हालांकि ग्रामीणों की सतर्कता से उनकी चाल नाकाम हो गई। इसके बाद दोनों भागने की कोशिश में थे, लेकिन ग्रामीणों ने एक किलोमीटर तक दौड़ाकर एक नाबालिग को पकड़ लिया, जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार, टंगरा टोली निवासी विकास सोरेंग के घर में दो नाबालिग घुस गए और मोबाइल चोरी कर खेतों के रास्ते भागने लगे। घरवालों को भनक लगी तो शोर मचाते हुए पीछा करने लगे। इस बीच राजनगर के पास ग्रामीणों ने एक नाबालिग को पकड़ लिया और उसे गांव के अखरा मैदान में ले आए। उसकी तलाशी लेने पर फोन बरामद हुई।






# भाभी को लेकर भागा देवर, बदले में जेठ ने भावज से किया दुष्कर्म

## पांच हिरासत में, पूछताछ जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। परिवार के रिश्तों में पसरे प्रेम संबंध ने एक महिला को दुष्कर्म की शिकार बना दिया। उस महिला का कसूर केवल इतना था कि उसका पति अपनी भाभी को लेकर भाग गया। तब उस महिला के जेठ ने अपने चार दोस्तों के साथ मिल कर भावज से दुष्कर्म किया।

**क्या है पूरा मामला :** घाघरा थाना क्षेत्र का एक युवक का अपनी चचेरी भाभी के साथ प्रेम संबंध था। युवक विवाहित है। करीब दो महीने पहले वे दोनों घर से भाग गये। आज तक उनका कोई पता नहीं है। महिला के भागने से उसका पति बुरी



तरह बौखलाया हुआ था। वह अपने छोटे भाई को लगातार खोज रहा था। जब उसका पता नहीं चला, तो उसने बदला लेने की ठानी। उसने अपने चार दोस्तों के साथ 11 नवंबर की रात अपने छोटे भाई के घर पर धावा बोला और वहां रिश्ते में अपनी भावज के साथ दुष्कर्म किया। उसके दोस्तों ने भी महिला को अपनी हवस का शिकार बनाया।

सुबह होने पर पीड़िता ने अपने मायके में घटना की जानकारी दी। मायके वालों ने घाघरा पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगायी। थानेदार पुनीत मिंज ने बताया कि पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अनुसंधान चल रहा है। और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गुमला कोर्ट में अधिवक्ता से मारपीट, वकीलों ने हमलावर भाइयों की कर दी पिटाई



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला कोर्ट में गुरुवार को गर्मागर्मी का माहौल दिखा। बतातें चलें कि दो लोगों ने एक वकील के साथ जमकर मारपीट की और उसका कोट फाड़ दिया। यह देख वकीलों ने बीच बचाव कर दोनों पक्षों को अलग कराया। जानकारी के मुताबिक सिविल कोर्ट के अधिवक्ता सादिक अंसारी कोर्ट में अपने कार्यों में व्यस्त थे। तभी अंबवा निवासी दो भाई एनाम अंसारी उर्फ छोटू और मोहम्मद कयाम अंसारी अधिवक्ता के पास पहुंचे और कथित रूप से उसके साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान उसका कोट भी फाड़ दिया। मौके पर उपस्थित अधिवक्ता एवं अन्य लोगों ने बीच बचाव किया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने भी दोनों भाइयों को पकड़ कर उनकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद उन्हें कोर्ट परिसर में ही बैठा कर रखा। उधर, मामले की जानकारी गुमला पुलिस को देने की बात कही गई। दूसरी ओर, उपस्थित लोगों ने बताया कि दोनों भाई किसी काम से अधिवक्ता के पास पहुंचे थे। उनके बीच किसी काम को लेकर पैसों की बातचीत चल रही थी। पैसों के लेनदेन में सहमति नहीं बनने के बाद विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गयी। इसे लेकर थाने में शिकायत की बात कही गई। हालांकि समझाने के बाद दोनों के बीच समझौता कर मामले को रफा दखा कर दिया गया।

## साइकिल रैली निकली

**सिसई (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्थापना दिवस से पूर्व गुरुवार को 'नाउ योर टूरिस्ट प्लेस' कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली निकाली गयी, जो सिसई नवरत्नगढ़ से नगर बाजार टांड़ तक एवं अंबाघाघ नागफेनी से दुर्गा मंदिर नागफेनी तक गयी। इस कार्यक्रम में सिसई बीडीओ, सीओ, प्रखंड समन्वयक आवास, जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव, जेएसएलपीएस की दीदियां और प्रखंड कर्मी उपस्थित रहे। वहीं, साइकिल रैली में स्कूली बच्चों ने उत्साहित होकर भाग लिया गया।

























# पेयजल समस्या से परेशान महिलाओं ने एरिया मैनेजर के खिलाफ खोला मोर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** बीसीसीएल सीबी एरिया 12 दहीबाड़ी परियोजना के आस पास रहने वाले महिलाओं ने पानी की समय को लेकर एरिया मैनेजर को घंटों घेरे रखा। इस कारण परियोजना का कार्य भी घंटो तक बाधित रहा।उग्र महिलाओं ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से तीनतल्ला, कुम्हार बस्ती, जामदेही आदि कई गांव के गर्मीन पानी की समस्या झेल रहे हैं। प्रबंधन द्वारा पानी के इस समस्या को समाधान के लिए कोई भी उचित कदम नहीं उठाया जा रहा है इस पेयजल समस्या को लेकर लगातार प्रबंधन को अवगत करवाया गया परंतु अब तक समस्या जस के तस बनी हुई है जिस कारण बाध्य होकर यह कदम उठाना पड़ा। महिलाओं ने बताई यथाशीघ्र खदान के पानी प्रारंभ किया जाये और समय सीमा निर्धारित कर नदी के पानी को ग्रामीणों को मुहैया करवाई जाये। वही जल संकट को देखते हुए महिलाओं द्वारा उग्र आंदोलन को देखते हुए प्रबंधन ने यह लिखित आश्वासन दिया कल से खदान की पानी प्रारंभ कर दिया जायेगा। वही एक महीने के भीतर नदी की पानी का व्यवस्था कर दिया जायेगा उसके बाद महिलाओं ने अपना आंदोलन समाप्त किया।

# मामूली विवाद में बच्चों के बीच मारपीट, एक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बरवा पूर्व स्थित महेंद्र मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच मामूली विवाद में चौथी कक्षा के छात्र मंजुडा राय को तीन बच्चों ने बेंच से दबा दिया उसके बाद तीनों सहपाठीयो ने उसके पेट पर मुक्के से कई बार वार किया, मंजुडा को बोलने में थोड़ी परेशानी थी।डर से जब वह घर लौटने पर अपने साथ हुई मारपीट के बारे में किसी को सही से बात नहीं सका तो अगले दिन उसके पेट में अचानक दर्द बढ़ गया तब भी किसी का ध्यान नहीं गया असहनीय दर्द होने पर उसके घर वालों को सारी जानकारी हुई इसके बाद परिजन आनंद आनन-फानन में इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल ले जाने लगे पर रास्ते में ही बच्चे ने दम तोड़ दिया मृतक बरवा पूर्व के रहने वाला निमाई राय का लड़का 11 वर्षीय पुत्र था। मृतक बच्चे के परिजनों ने बताया कि दर्द बहुत बढ़ जाने पर उसने डरते हुए पूरी घटना के बारे में बताया बेटे की मौत के बाद पिता ने गोविंदपुर थाने में बेटे के तीन साथियों के खिलाफ एवं स्कूल के शिक्षक- शिक्षिकाओं पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतक छात्र के पिता के मुताबिक शिक्षिका ने पीटने वाले बच्चों को ना रोका और ना ही घटना के बारे में किसी को जानकारी दी, जिस कारण बच्चे की मृत्यु हो गई। इस तरह की लापरवाही अगर स्कूल की तरफ से नहीं होती तो आज मेरा बच्चा जिंदा होता। स्कूल प्रबंधक और शिक्षक शिक्षिकाओं पर कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अपनी तरफ से जांच शुरू कर दी है छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# धनबाद में रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का शव

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भूली मोड़ रेलवे ट्रैक पर एक महिला का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना मिलते ही बैंक मोड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, वार्ड 19 के पार्षद प्रत्याशी शमीम अख्तर और बैंक मोड़ पुलिस की तत्परता से महिला की पहचान कर ली गयी है। बताया जा रहा है कि मृतका वासेपुर की रहने वाली थी। पुलिस अब घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह मामला आत्महत्या का है या किसी अन्य वजह से महिला की मौत हुई है। पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि मामले की सच्चाई सामने आ सके।

# हाइवे पुल से मलबा गिरने से मची अफरा-तफरी

आजाद सिपाही संवाददात



**राजगंज।** गुरुवार को राजगंज थाना क्षेत्र के खरनी मोड़ अंडरपास के नीचे बने हाईवे पुल से गुरुवार की सुबह अचानक मलबा (कंक्रीट का ढेर) गिरने लगा, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी। पुल का हिस्सा टूटने की आशंका से लोग तुरंत नीचे से हट गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुल से मलबा गिरने की प्रक्रिया बुधवार देर रात से ही शुरू हो गयी थी, जो सुबह तक बढ़ती चली गयी। स्थिति ऐसी थी कि ढलाई के नीचे का पूरा मलबा जमीन पर आ गिरा, और पुल की सरिया (लोहा) तक स्पष्ट दिखाई देने लगी। जब भी कोई वाहन ऊपर से गुजरता, तो और मलबा नीचे गिरता रहता था। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल क्षेत्र को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया और हाईवे ट्रैफिक को सर्विस रोड पर डायवर्ट कर दिया। साथ ही क्षतिग्रस्त हिस्से की जांच शुरू कर दी गयी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हादसा निर्माण कंपनी अशोका बिल्डकोन की गंभीर लापरवाही का नतीजा है। केंद्र सरकार की ओर से इस 6-लेन सड़क का निर्माण हुए अभी पांच साल भी पूरे नहीं हुए, लेकिन सड़क कई स्थानों पर पहले ही टूट चुकी है। ग्रामीणों ने निर्माण की गुणवत्ता को लेकर कई बार आवाज उठायी थी, लेकिन शिकायतों पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

# मुक्तिधाम में शेड निर्माण में लापरवाही पर सांसद ने जतायी नाराजगी, ठप कराया सड़क निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता



**पेटरवार।** भारतमाला परियोजना फेज-वन के तहत सिकिदीरी से जैनामोड़ तक बन रही फोरलेन सड़क के बगल चरगी के समीप मुक्तिधाम परिसर में शेड निर्माण को लेकर कंपनी के द्वारा गंभीर लापरवाही उजागर हुई है। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी द्वारा करीब एक वर्ष पूर्व दिये गये निर्देश के बावजूद चरगी स्थित अंबागढ़ा नदी तट मुक्तिधाम परिसर में शेड निर्माण अब तक शुरू नहीं किया गया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सांसद गुरुवार को स्वयं मुक्तिधाम परिसर पहुंचे। इस दौरान सांसद और सड़क निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के वार्ता में काफी हॉट टॉक हुई। वार्ता बेनतीजा रही और सांसद नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा से जुड़ी इस परियोजना में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कहा कि जब तक अत्याधुनिक सुविधा युक्त शेड का निर्माण कंपनी नहीं कराती तब तक सड़क का कार्य बंद रहेगा। बताते चले कि विगत दो दिनों पूर्व शेड निर्माण नहीं करने पर सांसद के द्वारा सड़क का निर्माण बंद करा दिया था। उक्त मुक्तिधाम परिसर स्थित श्मशान घाट में आसपास के लगभग 20 गांव के लोग शव का अंतिम संस्कार करते हैं। उक्त स्थल पर सड़क निर्माण होने के दौरान पहले से स्थित शेड को सड़क निर्माण करने वाली कंपनी के द्वारा तोड़ दिया गया था। परंतु सड़क का निर्माण कार्य अंतिम दौर में होने के बावजूद अभी तक शेड का निर्माण नहीं किया गया है। जिससे लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मौके पर जिला परिषद प्रहलाद महतो, सुधीर सिन्हा, शांति लाल जैन, रवि जायसवाल, आसित बनर्जी, संजय सिन्हा, रितेश सिन्हा, प्रकाश रवानी, संटू सिंह सहित अनेक लोग शामिल थे।

# बीएसएल में मना विश्व गुणवत्ता दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में 13 नवंबर 2025 को विश्व गुणवत्ता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर इस्पात भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बीएसएल की अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने गुणवत्ता ध्वज फहराया तथा उपस्थित कर्मियों को गुणवत्ता शपथ दिलायी। कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीष सेनगुप्ता, अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ बीबी करुणामय, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सेलेंस) अनुपमा तिवारी ने सभी का स्वागत करते हुए विश्व गुणवत्ता दिवस की पृष्ठभूमि, उसके महत्व एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस अवसर पर निदेशक प्रभारी, राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट आलोक वर्मा का संदेश भी पढ़ा। महाप्रबंधक प्रभारी (बिजनेस एक्सेलेंस) अमरेश सिन्हा ने वर्ष 2025 की थीम क्वालिटी थींक डीफरेंटली की व्याख्या करते हुए गुणवत्ता के प्रति नवोन्मेषी दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। अपने संबोधन में राजश्री बनर्जी ने कहा कि गुणवत्ता केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह हमारे संगठन की संस्कृति और मूल्यों का अभिन्न अंग है। हमें प्रत्येक कार्य में उत्कृष्टता, सतत सुधार और ग्राहक संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए. उन्होंने सभी कर्मियों से गुणवत्ता एवं सुरक्षा संस्कृति को और अधिक सशक्त करने का आह्वान किया। इसी क्रम में प्रिय रंजन द्वारा संयंत्र स्थित ईडी (संकार्य) भवन परिसर में तथा डॉ बीबी करुणामय द्वारा बोकारो जनरल अस्पताल में भी गुणवत्ता ध्वज फहराया गया और गुणवत्ता शपथ दिलायी गयी। 5एस नेशनल कॉन्क्लेव (मदुरई) में भी बीएसएल टीमों ने सराहनीय प्रदर्शन किया।

# जिला प्रशासन के हस्तक्षेप से डीवीसी बोकारो थर्मल का विवाद सुलझा



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो थर्मल स्थित दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) के 500 मेगावाट क्षमता वाले पावर प्लांट में ऐश पाउंड से छाई उठाव को लेकर उत्पन्न अस्थायी समस्या का समाधान जिला प्रशासन के हस्तक्षेप से सफलतापूर्वक कर लिया गया है। इस दौरान प्लांट के संचालन या बिजली उत्पादन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर गुरुवार की सुबह अपर समाहर्ता (एसी) मो मुमताज अंसारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बेरमो मुकेश मछुआ ने डीवीसी प्रबंधन एवं श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ बीटीपीएस स्थित सभागार में संयुक्त बैठक की। इस बैठक में ऐश पाउंड से छाई उठाव कार्य से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य तकनीकी समस्याओं को समझना, श्रमिकों की उचित मांगों पर विचार करना तथा उत्पादन गतिविधियों को बिना बाधा जारी रखना था। बैठक में सभी पक्षों के बीच आपसी संवाद सकारात्मक रहा। डीवीसी प्रबंधन ने उपस्थित अधिकारियों के समक्ष यह आश्वासन दिया कि तकनीकी समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जायेगा तथा श्रमिकों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक कदम उठाया जायेगा। श्रमिक प्रतिनिधियों ने भी उत्पादन कार्य को सुचारू बनाए रखने के लिए सहयोग देने का भरोसा जताया।


कार्यालय कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लातेहार।
(Email ID – eemidlat-cemr-jhr@nic.in)
शुद्धि पत्र सूचना

पत्रांकः–लातेहार / दिनांकः–

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय से ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/Latehar/F2-52/2025-26 यथा ग्राम–तेवाही में बेलढ़ोढ़ा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखंड–महुआड़ाड़, जिला–लातेहार, जिसका PR No. 365463 Water Resource (25-26)D है, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता हैः–

(1) कार्य पूर्ण करने की अवधि – 11 माह

नोटः– निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाए। निविदा की अन्य शर्त्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लातेहार।

PR 365946 Minor Irrigation(25-26)D


# दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में 'ड्रेस अप डिलाइट' प्रतियोगिता



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** दि पेंटिकॉस्टल के प्राथमिक विभाग में गुरुवार को 'ड्रेस अप डिलाइट' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में कक्षा तृतीय से पंचम तक के विद्यार्थियों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। यह आयोजन नन्हे प्रतिभागियों की सृजनशीलता, आत्मविश्वास और कल्पनाशक्ति बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। कक्षा तृतीय के विद्यार्थियों ने अपने पसंदीदा सुपरहीरो और डिज्नी पात्रों का रूप धारण कर मंच को जीवंत बना दिया। उनकी सजीव प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रत्येक पोशाक उनकी कल्पनाशक्ति, ऊर्जा और रचनात्मक सोच का परिचायक थी। कक्षा चतुर्थ के विद्यार्थियों ने भविष्य के स्वप्न को साकार करते हुए अपने पसंदीदा व्यवसायों — जैसे इंजीनियर, डॉक्टर, शिक्षक, पायलट आदि — के रूप में मंच पर आत्मविश्वास और गर्व के साथ अपनी पहचान दर्ज करायी। वहीं, कक्षा पंचम के विद्यार्थियों ने राजसी अंदाज में अतीत की झलक प्रस्तुत की। राजाओं और रानियों के रूप में उनकी शालीनता, गरिमा और अभिव्यक्ति ने पूरे सभागार को मोहित कर दिया। विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ करुणा प्रसाद ने सभी बच्चों की प्रतिभा और प्रस्तुति की हृदय से सराहना करते हुए विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को इतनी सृजनशीलता और आत्मविश्वास के साथ मंच पर देखना अत्यंत सुखद और प्रेरणादायक अनुभव है।

# झरिया विस क्षेत्र में छह दिनों से जलापूर्ति ठप, मरम्मत कार्य में लापरवाही पर नाराजगी



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया विधानसभा क्षेत्र में पिछले 5–6 दिनों से जलापूर्ति पूरी तरह बंद है। पाइप की मरम्मत के नाम पर झामाडा द्वारा किये जा रहे कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहे हैं, जिसके कारण लगभग 6 लाख से अधिक की आबादी जल संकट से जूझ रही है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि झामाडा के अधिकारियों की उदासीनता इस स्थिति के लिए ज़िम्मेदार है। कार्य स्थल पर एक भी सक्षम अधिकारी उपस्थित नहीं रहता, और पूरा कार्य अकुशल मजदूरों एवं ठेकेदारों के भरोसे कराया जा रहा है, जिसके कारण अनावश्यक विलंब हो रहा है। वर्तमान समय में आधुनिक मशीनों की उपलब्धता के बावजूद मरम्मत कार्य पुरानी तकनीक से किया जा रहा है, जिससे कई दिनों का काम घंटों में पूरा होने की बजाय लगातार लंबा खिंच रहा है। कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह को झरिया क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने जलापूर्ति ठप होने की जानकारी दी। स्थिति की गंभीरता जानकर उन्होंने तुरंत अपने प्रतिनिधि सतपाल सिंह ब्रोका को निर्देश दिया कि वे स्थल पर पहुंचकर वास्तविक प्रगति की रिपोर्ट तैयार करें और यह सुनिश्चित करें कि जलापूर्ति जल्द से जल्द बहाल हो। अनुपमा सिंह के निर्देश पर सतपाल सिंह शाम 5:30 बजे कार्यस्थल पहुंचे। उन्होंने मरम्मत कार्य की धीमी गति पर चिंता व्यक्त की और उपस्थित झामाडा जलशोधन संयंत्र के जेइइ आशुतोष राणा से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया कि कार्य में तुरंत तेजी लायी जाए और हरसंभव प्रयास कर जलापूर्ति शीघ्र बहाल की जाए ताकि जनता को राहत मिल सके।

# बीआइटी सिंदरी में सृजन और उत्सव का संगम

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/ सिंदरी (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बीआइटी सिंदरी में चल रहे झारखंड उत्सव के तहत कला, संस्कृति और सृजन के विविध रंग देखने को मिल रहे हैं। पेंटिंग विंग क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रमों ने परिसर में रचनात्मकता की नयी ऊर्जा भर दी है। 11 नवम्बर को रंगों में झारखंड विषय पर लाइव थीम पेंटिंग प्रतियोगिता से उत्सव की शुरूआत हुई, जिसमें छात्रों ने अपने ब्रश और कल्पनाशक्ति से झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता, जनजातीय जीवन और सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रूप में उकेरा। इसके बाद 12 नवम्बर को पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने माटी के घड़ों पर लोक परंपराओं, नृत्य रूपों और जनजातीय प्रतीकों को मनमोहक कलात्मकता के साथ प्रस्तुत किया। पेंटिंग विंग क्लब के इन आयोजनों ने पूरे कैंपस को रंगों की छटा से भर दिया और छात्रों में गजब का उत्साह देखने को मिला।

13 नवम्बर को फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने झारखंड की प्रकृति, संस्कृति और उत्सवों को अपने चेहरे पर कलात्मक रूप से चित्रित किया। दर्शकों ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता और थीम के अनुरूप रंगों के चयन की खूब सराहना की। झारखंड उत्सव के दौरान सर्जना क्लब एवं लिटरेरी सोसाइटी द्वारा निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिससे छात्रों में अभिव्यक्ति और चिंतन की नई दृष्टि विकसित हुई। संपूर्ण आयोजन के संयोजक डीन (छात्र कल्याण) डॉ. राजीव कुमार वर्मा हैं। आयोजन को सफल बनाने में प्रो. रेखा झा (विद्युत अभियंत्रण विभाग), डॉ प्रियांका कुमारी (गणित विभाग) तथा डॉ माया राज नारायण (सिविल विभाग) का विशेष सहयोग रहा। बीआइटी सिंदरी के निदेशक प्रो (डॉ.) पंकज राय ने सभी क्लबों के इस सामूहिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा को उजागर करते हैं, बल्कि झारखंड की संस्कृति और विरासत को नयी पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम भी बनते हैं। झारखंड उत्सव के आगामी कार्यक्रम 16 नवम्बर तक जारी रहेंगे, जिसमें सांस्कृतिक संध्या और पुरस्कार वितरण समारोह मुख्य आकर्षण होंगे।

# मीडिया कर्मियों के लिए लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को धनबाद राउंड टेबल 342 द्वारा सरायढेला स्थित कल्याणी डायग्नोस्टिक सेंटर के सहयोग से मीडिया कर्मियों के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पत्रकारों के लिए कई तरह की उन्नत जांच सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी।


Government of Jharkhand
Department of School Education and Literacy
(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)
J.S.C.A. Stadium Road, Sector.-III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone:0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

e-Procurement Notice(2nd Call)

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors for Constructions of 100 Bedded Hostel for PM-JANMAN at Garhwa District of Palamu Division of Jharkhand Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 28.11.2025 at 2.00 PM.

The details of tender document can be seen and applied through website https://jharkhandtenders.gov.in only.

Sd/-
State Project Director
Jharkhand Education Project Council

PR 365794 Jharkhand Education Project Council (25-26)_D

Ref. No.: JEPC/CIV/03/1638/2025/4652 Ranchi, Date :- 10.11.2025


# महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** ईएसएल स्टील लिमिटेड ने इएमपी बिंदी इंटरनेशनल एसोसिएशन के सहयोग से प्रोजेक्ट जीविका के तहत एक आरंभिक कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बिजुलिया, बोकारो स्थित ईएमपी बिंदी इंटरनेशनल एसोसिएशन कार्यालय में आयोजित हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य सरकारी अधिकारियों, हितधारकों और महिला उद्यमियों को एक साथ लाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं, विशेष रूप से एमएसएमई कार्यक्रमों और ऋण सुविधाओं के अंतर्गत उपलब्ध अवसरों पर चर्चा करना था। कार्यक्रम में नाबार्ड के डीडीएम फिलमुन बिलुंग, जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) निदेशक विवेक प्रकाश, डीआइसी जिला समन्वयक किशोर रजक, और बैंक ऑफ इंडिया के लीड जिला प्रबंधक अबिद हुसैन सहित ईएसएल की सीएसआर टीम और प्रोजेक्ट जीविका से जुड़ी महिला उद्यमियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने एमएसएमइ पंजीकरण, ऋण सुविधा और महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों के लिए सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की। इएसएल सीएसआर टीम ने प्रोजेक्ट जीविका के अंतर्गत किए जा रहे हस्तक्षेपों को प्रस्तुत किया, जो क्षमता निर्माण, बाजार से जुड़ाव और वित्तीय समावेशन पर केंद्रित हैं। कार्यशाला की एक बड़ी उपलब्धि 50 महिला उद्यमियों का उद्यम के अंतर्गत सफल पंजीकरण रहा, जिससे उन्हें औपचारिक वित्तीय प्रणालियों और ऋण सुविधाओं तक पहुंच प्राप्त हुई। महिला उद्यमियों ने अपने उत्पादों जैसे हैंडवॉश, डिशवॉश, बांस उत्पाद, वस्त्र और फिनाइल का प्रदर्शन किया। जिसे सभी ने सराहा।


Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office:- Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi–834004.
Email ID: gm.distnw@jbvnl.co.in

CORRIGENDUM

Revised SBD/BoQ and Extension of Bid Submission Date

In continuation to the e-Tender floated vide **NIT No. 206/PR/JBVNL/2025-26**, dated 13.10.2025 for "*Empanelment of Agencies for Repairing of Power Transformers (PTRs) of various capacities (5MVA,10 MVA, etc.) under JBVNL for two years*".

It is hereby informed to all concerned bidders that based on query raised in pre-bid meeting certain amendments have been made in the Standard Bidding Document (SBD) and Bill of Quantities (BoQ). The revised SBD and BoQ are available on the Jharkhand Government e-Procurement Portal (https://jharkhandtenders.gov.in) and **tender schedule** is hereby **revised** as under:

| Sl. No. | Particulars | Existing Date | Extended Date |
|---|---|---|---|
| 1 | Last Date & Time for Submission of Bid | 13.11.2025 up to 6:00 PM | **24.11.2025 up to 6:00 PM** |
| 2 | Date & Time for Opening of Technical Part | 17.11.2025 at 3:00 PM | **27.11.2025 at 3:00 PM** |

Interested bidders are advised to refer the revised NIT documents before submission of their bids.

**Note:** Bidders are requested to submit the Tender Fee and EMD details / acknowledgment of tender submission either physically or through email to the office of the undersigned on or before 25.11.2025.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (DN)
JBVNL

PR No.-363501

PR 366003 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)D

# W. JOHN MULTIPURPOSE BOARDING SCHOOL

Piska Nagri Road, Ranchi-835303 +91-963 433 3174




# बच्चों को निखार रहा डब्ल्यू जॉन मल्टीपर्पस बोर्डिंग स्कूल

## विद्यार्थियों में उत्तम चरित्र का विकास करना है उद्देश्य : प्रचार्या सुफल एक्का

### प्रेरणादायक है डॉ सुफल का जीवन

प्रचार्या डॉ सुफल एक्का का जीवन प्रेरणादायक है। घर और परिवार संभालते हुए कई तरह की चुनौतियों का सामाना कर उन्होंने न सिर्फ उच्च शिक्षा हासिल की, बल्कि पति स्व. डॉ एमपी एक्का के सपनों को भी साकार किया। वे बताती हैं कि मैट्रिक पास करने के बाद ही उनकी शादी हो गयी। इंटर तक बच्चों भी गोद में आ गये। घर और बच्चों को संभालने के साथ उन्होंने उच्च शिक्षा पाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सब कुछ संभालते हुए उन्होंने अपने सपने को परवान चढ़ाया। एमए, बीएड और पीएचडी तक की शिक्षा ग्रहण की। वर्तमान में डॉ सुफल प्रचार्य के रूप में स्कूल का संचालन कर रही हैं।

जॉन मल्टीपर्पस बोर्डिंग स्कूल की प्रचार्या डॉ सुफल एक्का पथरी का शर्तिया इलजा करती है। कई तरह के पौधे, साग, नींबू आदि से बनी हर्बल दवा कारगर इतनी है कि इसके सेवन से सैकड़ो लोगों को फायदा हुआ है। डॉ सुफल ने बताया कि नींबू आदि का रसरू इसमें मौजूद साइट्रिक एसिड पथरी को तोड़ने और बनने से रोकने में मदद करता है। वे खास तौर से दवा तैयार कर लोगों को देती है, जिससे पथरी जड़ से खत्म हो जाता है।

**जॉन मल्टीपर्पस बोर्डिंग स्कूल**, पिस्का नगड़ी झारखंड के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में एक नाम है। यहां बच्चों की समग्र क्षमताओं को निखारा जा रहा है। विद्यार्थियों में उत्तम चरित्र का विकास करने के उद्देश्यों से स्कूल निरंतर प्रयासरत है। इसके बेहतर परीणाम मिल रहे हैं। जॉन मल्टीपर्पस स्कूल के बच्चे न केवल शिक्षा के उच्च शिखर की ओर अग्रसर है, बल्कि खेल-कूद और अन्य रचनात्मक कौशल में निपुण हो रहे हैं। सह-शिक्षा वाले इस बोर्डिंग स्कूल में नर्सरी से 10वीं कक्षा तक की शिक्षा दी जाती है। शैक्षणिक माध्यम अंग्रेजी है, जो आईसीएसई से संबद्ध हैं। 1990 में स्थापित यह स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देता है, जिसमें पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक और तकनीकी कौशल सिखाए जाते हैं। विद्यालय की स्थापना डॉ एमपी एक्का के कुशल मार्गदर्शन में की गयी थी। कम समय में ही विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट पहचान बनायी है। विद्यालय का खास वातावरण बच्चों को ऐसा माहौल प्रदान करता है जिसमें वे अपने कौशल, ज्ञान और सपनों को साकार कर सकें।

**सर्वांगीण विकास का केंद्र है विद्यालय :** विद्यालय की प्राचार्या डॉ सुफल एक्का ने कहा कि जॉन मल्टीपर्पस बोर्डिंग स्कूल सर्वांगीण विकास का केंद्र है। शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व, संस्कार और मानवीय मूल्यों को विकसित करने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो मेहनत करते हैं और बीते हुए गौरव पर नहीं रुकते। विद्यालय आदिवासी क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में निरंतर प्रयासरत है। यहां मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और आध्यात्मिक चारों पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। साथ ही कला, संगीत, खेलकूद और पर्यावरण संरक्षण जैसी गतिविधियां पाठ्यक्रम का हिस्सा हैं।

**वट वृक्ष बन गया है पौधा**

डॉ एमपी एक्का ने बच्चों की शिक्षा को लेकर जो पौधा बोया था, वह अब जॉन मल्टीपर्पस बोर्डिंग स्कूल के रूप में वट वृक्ष बन गया है। स्कूल में सैकड़ो बच्चे प्रारंभिक से लेकर 10वीं कक्षा तक की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। प्रचार्या सुफल एक्का बताती हैं कि पति स्व. डॉ एमपी एक्का की अंग्रेजी सिखने की ललक ने उन्हें शिक्षक बनाया। अंग्रेजी न जानने से आहत हो उन्होंने पश्चिम बंगाल के बोर्डिंग स्कूल में दो वर्ष पढ़ाई की। बाद में रांची में दसवीं की परीक्षा पास कर बच्चों को टयूशन पढ़ाते थे। फिर बाद के दिनों में उन्होंने स्टेनो और टाइपिस्ट की नौकरी की, लेकिन बॉस से विवाद होने पर उन्होंने आजीवन नौकरी न करने का संकल्प लिया। स्कूल की नींव धरी। सुफल बताती हैं कि शुरूआती दौर में चार बच्चों से स्कूल की शुरूआत की गयी थी। बाद के दिनों में अरगोडा, पुंदाग, नवासराय और इटकी क्षेत्र से होते हुए नगड़ी में स्थायी और वृहत रूप से विद्यालय की शुरू की गयी। तब से अब तक 35 सालों से स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास का केंद्र बना हुआ है। यहां स्थानिय और राज्यभर के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।







### विद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं

- वेल-फर्निश्ड कंप्यूटर लैब
- तीन सुसज्जित प्रयोगशालाएं
- आधुनिक पुस्तकालय
- वेंटिलेटेड कक्षाएं, स्मार्ट क्लास
- बस सेवा डे-स्कॉलर्स के लिए
- वाईफाइ कैंपस
- खेल का मैदान

### सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां :

- वाद-विवाद और प्रतियोगिताएं
- संगीत, नृत्य और ललित कला
- नाटक क्लब
- एडवेंटिस्ट यूथ क्लब
- खेलकूद
- भ्रमण और शिविर

**आज चिल्ड्रन्स डे पर होंगे खास आयोजन**

जॉन मल्टीपर्पस बोर्डिंग स्कूल में शुक्रवार को चिल्ड्रन्स डे पर खास आयोजन किये जायेंगे। प्रचार्या सुफल एक्का ने बताया कि स्कूल के शिक्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगे। बच्चों के मनोरंजन को ध्यान में रख विविध कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। कैंपस में पिकनिक भी मनेगा।









**सभी शिक्षकगण और मेरे प्यारे साथियों !**

आज का दिन बेहद खास है, यह दिन हमें हमारे देश के पहले प्रधानमंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की याद दिलाता है। नेहरू जी को बच्चों से बहुत स्नेह था, इसलिए बच्चे उन्हें प्यार से 'चाचा नेहरू' कहकर पुकारते थे। उनके जन्मदिवस, 14 नवंबर, को ही हम बाल दिवस के रूप में मनाते हैं।

**बच्चों का महत्व :** नेहरू जी का मानना था कि बच्चे ही राष्ट्र का भविष्य हैं। उन्होंने कहा था, 'आज के बच्चे कल के भारत का निर्माण करेंगे।' यह बात बिल्कुल सच है। हम सभी बच्चे एक कोरी स्लेट की तरह हैं, जिसे हमारे शिक्षक और माता-पिता ज्ञान और संस्कारों से भरकर एक मजबूत नींव तैयार कर रहे हैं।

**आप सभी को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ!**












**SUPHAL EKKA**
PRINCIPAL

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**